26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 12 जून, 2026
अंक- 228 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# अलविदा जसपाल राणा

## भारतीय शूटिंग के स्वर्ण युग का अंत

### कॉमनवेल्थ में 9 गोल्ड जीत मनवाया था लोहा

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय खेल इतिहास के सबसे चमकदार निशानेबाजों में शामिल जसपाल राणा का निधन हो गया है, वह 49 साल के थे। जर्मनी से लौटने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई थी और दिल्ली में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की ख़बर से भारतीय खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। 28 जून 1976 को उत्तराखंड के एक गढ़वाली परिवार में जन्मे जसपाल राणा का संबंध एक खेल-प्रेरित परिवार से था। उनके पिता नारायण सिंह राणा सेना के पूर्व अधिकारी रहे और बाद में उत्तराखंड के पहले खेल मंत्री बने। बचपन से ही निशानेबाजी का माहौल उन्हें विरासत में मिला और उनके पिता ही उनके पहले कोच बने। महज 12 वर्ष की उम्र में उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दे दिया था, जिससे उनका नाम तेजी से उभरने लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिग्गज निशानेबाज जसपाल राणा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने X पर लिखा कि राणा का निधन भारतीय खेल जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।



### कुल 15 पदक

- 9 स्वर्ण, 4 रजत, 2 कांस्य
- 1994, 1998, 2002 और 2006 में लगातार चार संस्करणों में पदक

2002 मैनचेस्टर कॉमनवेल्थ गेम्स उनका सबसे सफल संस्करण रहा, जहां उन्होंने 6 पदक जीतकर इतिहास रचा।

2006 दोहा एशियन गेम्स में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए-

- 3 स्वर्ण पदक
- 1 रजत पदक

## पेट्रोल पंप पर एक दिन में अधिकतम 200 लीटर डीजल मिलेगा

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** सरकार ने पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी रोकने और इसके विनियमन के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत नया आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि किसी भी वाहन या व्यक्ति को एक दिन में पेट्रोल पंप पर 200 लीटर से अधिक डीजल नहीं मिलेगा। नये नियम से लंबी तथा मध्यम दूरी के माल परिवहन वाले ट्रकों पर असर पड़ने की संभावना है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा गुरुवार देर रात जारी अधिसूचना में खुदरा बिक्री केंद्रों (पेट्रोल पंप डीलरों) को आदेश दिया गया है कि वे डीजल की बिक्री केवल वाहनों के टैंक अथवा पेसो (पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन) से अनुमोदित कंटेनर में ही करेंगे। एक दिन में एक ग्राहक/वाहन को 200 लीटर से ज्यादा डीजल की बिक्री नहीं करेंगे। ऐसे ग्राहकों के लिए भी डीजल की पुन: बिक्री की मनाही होगी। आदेश में फिलहाल पेट्रोल की खुदरा बिक्री की कोई सीमा तय नहीं की गयी है, लेकिन भविष्य में ऐसा करने की गुंजाइश रखी गयी है। साथ ही, डीजल के साथ इसकी भी जमाखोरी रोकने के लिए कार्रवाई का प्रावधान है।

VINAYAK COLLEGE
विद्या ददाति विनयं
**विनायक कॉलेज**
नगीना रोड, बिजनौर

**तुरन्त आवश्यकता**

कार्यालय हेतु युवक/युवती की, जिसे कम्प्यूटर पर हिंदी-अंग्रेजी टाइपिंग एवं कम्प्यूटर का पूर्ण ज्ञान हो। आकर्षक वेतन योग्यता व अनुभवानुसार। इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा के साथ कॉलेज परिसर में सम्पर्क करें- मो. 9927765646, 9412713240

**बिकाऊ है फ्लैट व दुकान**


एक फ्लैट 3 BHK, 110 वर्ग मी., सुसज्जित 2 AC, पार्किंग, लिफ्ट, सर्वेंट क्वाटर सहित निकट शक्ति चौक, बिजनौर। एक दुकान 15.45 वर्ग मी. डबल साइड, ऑन रोड भूतल पर आकाश प्लाजा सिविल लाईन, बिजनौर में बिकाऊ है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें-
मो. 8218644848, 7906685162






# विधायक सुशांत सिंह का फर्जी लैटर पेड बनाकर शिकायत करने वालों पर मुकदमा दर्ज

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सुशान्त सिंह के नाम का फर्जी लेटरपैड तैयार कर उस पर फर्जी हस्ताक्षर करने और उसका दुरुपयोग कर एक अल्ट्रासाउंड सेंटर की फर्जी शिकायत भेजने के मामले में पुलिस ने महिला सहित दो लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि आरोपियों ने विधायक के नाम और पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने एवं अपना स्वार्थ सिद्ध करने का प्रयास करते हुए फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल किया है। विधायक सुशांत सिंह के प्रतिनिधि कर्णवीर सिंह पुत्र राम अवतार सिंह निवासी ग्राम किशनपुर, थाना व तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद ने अफजलगढ़ पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि सपना रानी पुत्री बाबूराम निवासी ग्राम सन्यासीवाला, जसपुर (उत्तराखंड) और आदर्श नगर अफजलगढ़ स्थित मेक्स अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक डॉ. राजीव शर्मा ने आपसी मिलीभगत कर विधायक के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार किए। तहरीर में आरोप लगाया गया कि फर्जी लेटरपैड पर विधायक के हस्ताक्षर बनाकर ए-टू-जेड अल्ट्रासाउंड सेंटर अफजलगढ़ के खिलाफ उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को शिकायत भेजी गई। विधायक प्रतिनिधि का कहना है कि विधायक द्वारा ऐसा कोई पत्र जारी नहीं किया गया और न ही उस पर उनके हस्ताक्षर किए गए। आरोप है कि निजी स्वार्थ के लिए विधायक के नाम और संवैधानिक पद का गलत इस्तेमाल कर अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया गया है।



बताया जाता है कि इससे पहले भी सपना रानी द्वारा खुद को थाना क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका निवासी बताते हुए ए-टू-जेड अल्ट्रासाउंड सेंटर के खिलाफ फर्जी शिकायत की गई थी। वर्तमान में विधायक सुशांत सिंह के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर शिकायत भेजने के आरोपों के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष बिजेंद्र राठी ने बताया कि विधायक प्रतिनिधि की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।




## सूचना

मेरी पुत्री के कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत खोले गये खाता संख्या-010028455990 में मेरी पुत्री का नाम पार्थवी सिंह हल्दियान अंकित कर दिया गया है, जो कि गलत है, जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम पार्थवी सिंह है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र में भी मेरी पुत्री का नाम पार्थवी सिंह अंकित है जो कि सही व सत्य है। मेरी पुत्री के उक्त खाते में नाम संशोधन कर पार्थवी सिंह कर दिया जाए।

**-कपिल देव सिंह पुत्र श्री पीतम सिंह, निवासी ग्राम शाहपुर बंगर उर्फ नाईवाला, पोस्ट चंदक, तहसील व जनपद बिजनौर**

# एलआईयू के सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर राधेश्याम शर्मा का बीमारी से निधन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद एलआईयू से सब इंस्पेक्टर पद से करीब पांच साल पहले सेवानिवृत्त हुए राधेश्याम शर्मा का गंभीर बीमारी के चलते आज सुबह निधन हो गया, जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। नगर के लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। जिला मुजफ्फरनगर के कस्बा पुरकाजी के ग्राम लखनौती के मूल निवासी राधेश्याम शर्मा (64वर्ष) नजीबाबाद में करीब एक दशक से भी अधिक समय तक तैनात रहे। वह करीब पांच वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त होने के बाद नजीबाबाद के



कोतवाली मार्ग स्थित सिद्धबली कालोनी में अपना मकान बनाकर परिवार के साथ रहते थे। पिछले कई सालों से वह बीमार चल रहे थे, उनका जौलीग्रांट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। गंभीर रूप से बीमार राधेश्याम शर्मा ने शुक्रवार सुबह जौलीग्रांट हॉस्पिटल में ही उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। उनके बड़े पुत्र रमा जैन महाविद्यालय के प्रोफेसर वरूण शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने पिता के शव को पैतृक गांव पुरकाजी ले जा रहे हैं, शाम को उनके पिता का गांव में ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनकी अंत्येष्टी भी वहीं होगी। एलआईयू के सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर राधेश्याम शर्मा एक अच्छे अधिकारी के साथ अच्छे इंसान थे। करीब तीन साल पूर्व गंभीर बीमारी के चलते राधेश्याम शर्मा की पत्नी का निधन हो गया था। उनके निधन पर नगर के लोगों ने भारी शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।




# चेयरमैन द्वारा मुख्य मार्ग का निर्माण कराने पर लोगों ने हर्ष जताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगरपालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म द्वारा नजीबाबाद रेलवे स्टेशन से लेकर ग्राम गढ़ी वाली पुलिया तक पुरानी सड़क की जगह नई सड़क निर्माण का काम तेजी के साथ कराया जा रहा, जिसमें सड़क का लगभग काफी हिस्सा बनाया जा चुका है। इसी क्रम में निर्माण से बाकी सड़क का हिस्सा जीआईसी स्कूल से कृष्णा टॉकीज चौक तक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म द्वारा शहर में कई नई सड़कों का निर्माण किया जा चुका है, कई नई सड़कों का निर्माण होना अभी बाकी है। चेयरमैन शहर के मुख्य मार्गों के साथ गली-मौहल्लों की पुरानी खराब सड़कों को तोड़कर उन्हें नया बनवाने का काम पिछले काफी समय से करा रहे है। शहरवासियों ने चेयरमैन द्वारा क्षेत्र की सड़कों का निर्माण कराने पर हर्ष व्यक्त किया है।




## सूचना

मेरा पुत्र साहिल खान मेरे कहने सुनने में नहीं है। इसलिए मैने अपने पुत्र से दिनांक 8-6-2026 को सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है, उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मैं अपने पुत्र साहिल खान के किसी भी कृत्य के लिए उत्तरदायी नहीं होऊंगा।

**-आसिफ खान पुत्र मौ. सरदार खान, निवासी मौहल्ला पठानपुरा, नियर कत्थो वाली मस्जिद, नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

## सूचना

मैने कोटक लाइफ इंशोरेंस पॉलिसी कम्पनी में पॉलिसी नम्बर-1240139 कुल रकम 59207 रूपए कराई थी। पॉलिसी कराते समय मेरा नाम रेनु कुमार पुत्र जय प्रकाश दर्ज हो गया है। जबकि आधार कार्ड व बैंक खाते में मेरा नाम नीरज कुमार पुत्र जयप्रकाश सही है। मुझे इन दोनों नामों से पुकारा जाता है। यह दोनों नाम मेरे ही है। उक्त पॉलिसी में मेरा नाम रेनु कुमार संशोधन कर नीरज कुमार कर दिया जाए।

**-नीरज कुमार पुत्र प्रकाश सिंह, निवासी ग्राम कोटद्वार रोड, लक्ष्मी नारायण मंदिर मार्ग, नजदीक सिंगल एजेन्सी, पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड)**

वोट चोरी के बाद अब 'सीट चोरी' पर उतरी भाजपा ( पेज 2 )



# ममटी से गिरकर मासूम बच्ची की मौत

## परिवार में कोहराम, इलाके में शोक की लहर


फाइल फोटो

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला नायक सराय में एक दर्दनाक हादसे में ममटी से गिरकर दो वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे क्षेत्र में गम की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला नायक सराय निवासी मोहम्मद कासिम कुरैशी की पोती जुनैरा कुरैशी पुत्री मौ. जुनैद अपने घर की ममटी पर खेल रही थी। ममटी पर सुरक्षा के लिए न तो रेलिंग थी और न ही कोई जाली लगी हुई थी। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे सड़क पर जा गिरी। बच्ची के गिरने की आवाज सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे गोद में उठाकर स्थानीय निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। परिजन उसे काशीपुर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम जुनैरा की अचानक मौत से परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा। जुनैरा अभी दो दिन पहले ही दो वर्ष की हुई थी। उसकी मासूम मुस्कान और चंचल स्वभाव ने पूरे परिवार के दिलों में खास जगह बना ली थी। उसके असमय इंतकाल से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दादा मौ. कासिम कुरैशी सहित पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

बता दें जुनैरा के पिता मौ. जुनैद करीब 15 दिन पूर्व छुट्टी बिताकर वापस सऊदी अरब गए थे। बेटी के इंतकाल की खबर मिलते ही वह सऊदी अरब से वापस लौटे और अपनी लाडली के जनाजे में शरीक हुए। असर की नमाज के बाद मोहल्ला नेजो सराय स्थित मदरसे में मासूम बच्ची की नमाज-ए-जनाजा अदा की गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। इसके बाद आबाई कब्रिस्तान में नम आंखों के साथ बच्ची को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। नमाज-ए-जनाजा में पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी, अजीम कुरैशी, मुफ्ती जहीर नदवी, मुफ्ती मोहम्मद रिजवान, हाजी रिजवान कुरैशी, हाफिज नासिर कुरैशी, हाशिम कुरैशी, सभासद कलवा कुरैशी, इदरीस कुरैशी, शुएब कुरैशी, नसीम अहमद, मोहम्मद सलमान, मोहम्मद अफजाल, मौलाना इस्माईल नदवी, भोले कुरैशी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर मरहूमा के लिए दुआ-ए-मगफिरत की।

# पूर्व कर्मों का फल अवश्य मिलता है- कुलदीप जी

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के झाल ग्राम उलेढा के सिद्ध पीठ सती माता मंदिर पर आयोजित श्री राम कथा के छठें दिवस बृहस्पतिवार को आचार्य कुलदीप महाराज ने अनेक प्रसंगों का वर्णन सुनाया। उन्होंने बताया कि जब श्री राम 14 वर्षों के लिए वनवास चले गए तब महाराज दशरथ उनकी याद में व्यथित रहने लगे। उन्होंने देवी कौशल्या से चर्चा करते हुए कहा कि जरूर जीवन में उनसे कोई पाप हुआ है, जिसका उन्हें दंड मिल रहा है। कहा कि पूर्व कर्मों का फल मनुष्य को अवश्य मिलता है। व्यास जी महाराज ने संदेश देते हुए कहा कि सदा शुभ कर्म करें। श्री राम कथा का समापन सत्र बड़ा ही प्रेरणादाई रहा जिसे आर्य समाज के प्रचारक एवं प्रसिद्ध भजनोंपदेश कुलदीप विद्यार्थी ने भी संबोधित किया। उन्होंने संबोधन के माध्यम से सनातन की सेवा करने का आव्हान करते हुए कहा कि आज बहन-बेटियां लव जिहाद का शिकार हो रही हैं, उन्हें संस्कारित बनाकर मां भारती का मान बढ़ायेंगे। इस अवसर पर स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अनिल कुमार, भाजपा नेता बीरबल सिंह, डा. मंजू, प्रधानाचार्य कैलाश चन्द्र आदि मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# तीन तलाक़ के मामले में पति समेत चार पर मुक़दमा

## कोर्ट के आदेश पर शहर कोतवाली में दर्ज हुई रिपोर्ट

**बिजनौर( चिंगारी )।** कोतवाली शहर क्षेत्र के गांव काजीवाला निवासी एक महिला की तहरीर पर पति, सौतन व सास, ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और तीन तलाक़ देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता नगमा ने न्यायालय में दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व उसकी शादी मोहसिन पुत्र नसीम निवासी काजीवाला के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। दोनों की यह दूसरी शादी थी। महिला का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति मोहसिन, सास कौसर, ससुर नसीम और सौतन सादिका दहेज में दो लाख रुपये की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी।

महिला ने आरोप लगाया कि 24 मार्च 26 को दहेज की मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। वहीं 27 मई को फिर से दो लाख रुपये की मांग करते हुए उसे परेशान किया गया। आरोप है कि परिवार के लोगों के कहने पर पति मोहसिन ने उसे तीन तलाक़ देकर बच्चों सहित घर से निकाल दिया।

न्यायालय के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस ने पति मोहसिन, सास कौसर, ससुर नसीम और सौतन सादिका के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाली थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ का कहना है कि मामले की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

Hero
*हीरो लाया है एक्सचेंज कार्निवल
कोई भी पुराना स्कूटर या बाइक लायें और नया हीरो स्कूटर ले जाये।
SCOOTERS SUPERIOR MILEAGE @ 56 KM/L





9,999/- के डाउन पेमेंट पर
4,000/- Discount
4,999/- के डाउन पेमेंट पर
तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध :- ❖कम से कम ब्याज दर ❖कम कागजी कार्यवाही ❖सबसे सस्ता
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## पर्यटन और धार्मिक आस्था के नाम पर..

पर्यावरणवादी व संरक्षणवादी बहुत लंबे समय से समस्त हिमालयी क्षेत्रों और उत्तराखंड में प्रकृति, नदियों, मिट्टी आदि के संरक्षण की पैरोकारी कर रहे हैं। दरअसल, उत्तराखंड राज्य बनने से पहले जो बिल्डर या वन माफिया लखनऊ और दिल्ली में बैठे थे, अलग राज्य बनने के बाद वे न केवल राजधानी देहरादून में पहुंच गये, बल्कि प्रदेश के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी पहुंचने लगे। जहां वन व खनन माफिया उत्तराखंड के प्राकृतिक संसाधनों की बेलगाम और जल्दी से जल्दी लूट से अकूत मुनाफा कमाने के इच्छुक थे, वहीं बिल्डर माफियाओं ने राजनेताओं से गठजोड़ कर उत्तराखंड को 'टूरिस्ट स्थल' के रूप में बेचना शुरू किया। इस कारण सारे नियमों-कानूनों व प्राकृतिक संरक्षण की आधारभूत आवश्यकताओं की धज्जियां उड़ाते हुए होटल व लॉज कुकुरमुत्तों की तरह उगने लगीं, वहीं पर्यटकों के लिए टैक्सी व मनोरंजन जैसे उद्योग भी धड़ल्ले से बढ़ने लगे। नतीजा यह निकला कि पर्यटन के चरम समय पर प्रदेश की जनसंख्या से ढाई गुना तक पर्यटक यहां आ जाते हैं। जाहिर सी बात है कि इतनी भारी भीड़ के लिए जो व्यवस्थायें बननी चाहिये, वे नहीं बन पाती हैं। राजनेताओं और माफियाओं का यह गठजोड़ उत्तराखंड की प्राकृतिक आपदाओं के लिए भी कम जिम्मेदार नहीं है। जब मौसम विभाग ने पहले ही खराब मौसम की चेतावनी देता है तथा सीएजी ने कई साल पहले अपनी रिपोर्ट में प्रदेश की ढांचागत संरचना को पर्यटकों की इस भारी भीड़ के लिए उपयुक्त नहीं माना था तो इन चेतावनियों पर ध्यान देकर समुचित कार्रवाई क्यों नहीं की जाती? उत्तराखंड अनेक आपदाओं का शिकार हो चुका है। लेकिन शासन-प्रशासन ने इनसे कोई सबक नहीं सीखा। विडंबना है कि जहां राज्य की पिछली सरकारों में खनन माफियाओं ने संभवत: कर्नाटक की पिछली भाजपा सरकार की तर्ज पर काम करते हुए खनिजों के लिए नदियों की तलहटी तक खोद डाली तथा बिल्डर माफिया ने कमजोर पहाड़ों को डाइनामाइट के विस्फोटों से और कमजोर कर दिया, वहीं दूसरी ओर साधु-संतों, अखाड़ों और महामंडलेश्वरों ने आश्रम और स्नान घाट के नाम पर अविरल गंगा का प्रवाह रोकने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# व्यूज की अंधी दौड़ में लहूलुहान होती सामाजिक मर्यादा



-अजय कुमार
मो-9335566111

गुरुग्राम के एक स्टैंडअप कॉमेडी शो में 370 की बिरयानी की कीमत एक महिला की अस्मिता से लगाने वाले दर्शक का वीडियो और उस पर ताली पीटते कॉमेडियन प्रणीत मोरे का ठहाका सिर्फ एक तात्कालिक विवाद नहीं, बल्कि भारतीय स्टैंडअप कॉमेडी के उस गहरे नैतिक और वैचारिक पतन का दस्तावेज़ है, जो पिछले एक दशक से धीरे-धीरे हमारे समाज में पैठ बना रहा था। यह घटना साफ तौर पर रेखांकित करती है कि व्यूज, लाइक्स और वायरल क्लिप्स की अंधी दौड़ में हास्य और अश्लीलता के बीच का अंतर पूरी तरह समाप्त हो चुका है। जहां दर्शक हिमांशु जांगड़ा की नौकरी चली गई, वहीं प्रणीत मोरे को अपना सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर माफी मांगनी पड़ी। वहीं, दिवंगत अभिनेता इरफान खान की पत्नी सुतापा सिकदर से लेकर अभिनेत्री रश्मि देसाई तक ने इस खोखली माफी को सिरे से खारिज कर दिया। विवाद केवल यहीं नहीं थमा, इसी शो की एक अन्य क्लिप में एक महिला मेडिकल छात्रा ने मेडिकल कॉलेज में 'डेड बॉडी' के प्राइवेट पार्ट्स पर मज़ाक बनाने की बात गर्व से कबूल की, जिसने चिकित्सा जगत की नैतिकता और देहदान करने वाले परिवारों की भावनाओं को बुरी तरह झकझोर कर रख दिया। यह अराजकता किसी एक मंच की नहीं, बल्कि उस 'क्राउड वर्क' फॉर्मेट की देन है, जहां बिना स्क्रिप्ट, बिना सेंसर और बिना संपादन के केवल तात्कालिक भीड़ को हंसाने के लिए किसी भी हद तक जाने की खुली छूट ले ली गई है। भारतीय स्टैंडअप कॉमेडी का इतिहास पिछले एक दशक में जितनी तेज़ी से व्यावसायिक रूप से समृद्ध हुआ है, वैचारिक और सामाजिक रूप से वह उतना ही सतही और खोखला होता गया है। आज डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का पूरा एल्गोरिदम रचनात्मकता से ज्यादा 'शॉक वैल्यू' और विवाद को बढ़ावा देता है। जब कलाकार को पता होता है कि जितना तीखा, अभद्र या विवादास्पद कंटेंट होगा, रील्स और शॉर्ट्स पर उतने ही मिलियन व्यूज मिलेंगे, तो वह सामाजिक मर्यादाओं को ताक पर रख देता है। अभिनेत्री रश्मि देसाई और आयशा खान का यह सवाल बेहद मौजूं है कि जब एक महिला की गरिमा को मंच पर तार-तार किया जा रहा था, तब उस हॉल में बैठे सैकड़ों लोगों में से एक भी व्यक्ति ऐसा क्यों नहीं था, जो उठकर इसका विरोध करता? सामूहिक हंसी अक्सर व्यक्तिगत विवेक को सुला देती है और यही इस डिजिटल इकॉनॉमी का सबसे खतरनाक पहलू है। जब हास्य का पैमाना केवल भीड़ का ठहाका बन जाए, तो वह कला नहीं, बल्कि एक अनियंत्रित तमाशा बन जाती है। यदि हम पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों और इतिहास पर नज़र डालें, तो स्टैंडअप कॉमेडी का यह भटकाव हर दिशा में फैला है, चाहे वह धर्म हो, देश की सुरक्षा एजेंसियां हों, सेना हो या फिर लोक संस्कृति। साल 2021 में मुनव्वर फारुकी को इंदौर में हिंदू देवी-देवताओं और गृहमंत्री पर कथित अभद्र टिप्पणी के आरोप में करीब एक महीना जेल में बिताना पड़ा था। इसके बाद 2023 में भारतीय मूल की अमेरिकी कॉमेडियन जरना गर्ग का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने '19,000 हिंदू देवी-देवताओं' का मज़ाक उड़ाया, जिसके खिलाफ देशव्यापी आक्रोश देखने को मिला और कई राज्यों में एफआईआर की मांग की गई। साल 2024 में पुन: मुनव्वर फारुकी को मुंबई के एक शो में कोंकणी समुदाय पर अपमानजनक टिप्पणी के लिए लिखित माफी मांगनी पड़ी। वर्ष 2025 में यह विवाद चरम पर पहुंच गया, जब महाराष्ट्र में महज दो महीनों के दौरान कुणाल कामरा, समय रैना और प्रणीत मोरे पर अलग-अलग मामलों में गंभीर एफआईआर दर्ज हुई।




कुणाल कामरा द्वारा राजनीतिक नेतृत्व पर किए गए कटाक्ष के बाद मुंबई के हैबिटेट क्लब में तोड़फोड़ हुई और बीएमसी की कार्रवाई झेलनी पड़ी। इसी तरह अतीत में तन्मय भट्ट द्वारा भारत रत्न लता मंगेशकर और सचिन तेंदुलकर का मज़ाक उड़ाने पर भारी कानूनी और सामाजिक विरोध का सामना करना पड़ा था, जबकि आंध्र प्रदेश में कॉमेडियन अनुदीप को अभिनेता व नेता पवन कल्याण पर की गई टिप्पणी के कारण पुलिस हिरासत में जाना पड़ा।

यह पूरा परिदृश्य दिखाता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर एकतरफा ढाल तैयार की जा रही है। जब राजनेताओं, पुलिसकर्मियों या सेना के जवानों पर व्यंग्य किया जाता है, तो उसे लोकतांत्रिक अधिकार का नाम दिया जाता है, लेकिन जब इसी स्वतंत्रता का उपयोग किसी मृत देह के अपमान, किसी समुदाय की अस्मिता को ठेस पहुंचाने या महिला विरोधी मानसिकता को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है, तब इसे किस श्रेणी में रखा जाएगा? देश में हर साल हजारों स्टैंडअप शो होते हैं और इनके वीडियो यूट्यूब व इंस्टाग्राम पर करोड़ों की कमाई करते हैं। इस विशाल बाजार की अपनी एक सामाजिक जिम्मेदारी बनती है। एक जीवंत लोकतंत्र में सत्ता, रूढ़ियों और पाखंड पर तीखा कटाक्ष होना अनिवार्य है और भारत में ऐसे बेहतरीन कलाकार हैं, जो मर्यादा में रहकर यह काम करते हैं। परंतु जब पूरी इंडस्ट्री को एक ही तराजू में तौला जाता है, तो नुकसान उन वास्तविक कलाकारों का होता है, जो कला की समझ रखते हैं। प्रणीत मोरे का यह कहना कि 'वह इंसान हैं और सीख रहे हैं', एक पेशेवर मंच पर अपनी जिम्मेदारी से भागने जैसा है। यदि वीडियो को एडिट कर, उस पर आकर्षक टैग लगाकर जानबूझकर वायरल किया गया, तो कॉमेडियन इस प्रकरण में बराबर का भागीदार है। हास्य का मूल उद्देश्य समाज को आईना दिखाना और तनाव कम करना होता है, न कि किसी की गरिमा को कुचलना। सरकार या अदालतें कानून बनाकर मंच पर सेंसरशिप लागू नहीं कर सकतीं और न ही यह एक स्वस्थ समाज के लिए सही होगा। इसकी अंतिम रेखा उस दर्शक को ही खींचनी होगी, जो टिकट खरीदकर इन शो में बैठता है। जब तक दर्शक अश्लीलता, अभद्रता और संवेदनहीनता पर तालियां बजाना बंद नहीं करेंगे, तब तक व्यूज की भूख से तड़पते ये क्रिएटर मर्यादाओं को लांघते रहेंगे। समय आ गया है कि डिजिटल युग की इस 'बर्बर हंसी' के खिलाफ समाज स्वयं अपनी मूक सहमति को तोड़े और यह तय करे कि मनोरंजन के नाम पर किस हद तक नीचे गिरने की इजाजत दी जा सकती है।

## एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को बढ़ावा ग्राहकों और किसानों दोनों को लाभ

देश में स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने 22 प्रतिशत से 30 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (E22–(E30) पर लगने वाली एक्साइज़ ड्यूटी समाप्त करने का निर्णय लिया है। इस फैसले का सीधा लाभ उपभोक्ताओं, किसानों और देश की अर्थव्यवस्था को मिलने की उम्मीद है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश है। पेट्रोलियम उत्पादों के लिए विदेशी तेल पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से सरकार लंबे समय से एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को बढ़ावा दे रही है। एक्साइज़ ड्यूटी हटने से तेल कंपनियों को एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के उत्पादन और बिक्री में प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे भविष्य में ईंधन की लागत नियंत्रित रखने में मदद मिल सकती है।

इस निर्णय का सबसे बड़ा लाभ किसानों को होगा। एथेनॉल मुख्य रूप से गन्ने, मक्का और अन्य कृषि उत्पादों से तैयार किया जाता है। एथेनॉल की मांग बढ़ने से किसानों की उपज के लिए नया और स्थायी बाजार उपलब्ध होगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि की संभावना है। पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है और वायु प्रदूषण घटाने में सहायता मिलती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो सकता है।

**सत्यवीर सिंह, सुआवाला**

# दुर्घटना को न्यौता दे रही हैं पोपलर से लदी ये ट्रैक्टर-ट्रालियां

**बिजनौर ( चिंगारी )। पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे पर रात के समय तेज रफ्तार से दौड़ रही ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रालियां दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही हैं। अवैध लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रालियां रात के अंधेरे में बेरोकटोक हाईवे पर संचालित हो रही हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इन ट्रैक्टर-ट्रालियों में क्षमता से अधिक पोपलर लदी होती है और उनकी रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक रहती है। बताया जाता है कि अधिकांश ट्रैक्टरों की हेडलाइटें पर्याप्त रोशनी नहीं देतीं तथा पावर ब्रेक जैसी सुरक्षा सुविधाओं का भी अभाव होता है। ऐसे में अचानक किसी वाहन या राहगीर के सामने आने पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



स्थानीय लोगों ने बताया कि अभी तीन माह पूर्व बरूकी में प्लाईवुड फैक्ट्री के निकट सहारनपुर के दो युवकों की एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। इसके अलावा भी कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। दैनिक यात्रियों और क्षेत्रवासियों का कहना है कि रात के समय अवैध लकड़ी परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण समस्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने प्रशासन से ओवरलोड वाहनों की जांच, तेज रफ्तार पर नियंत्रण तथा अवैध लकड़ी परिवहन पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।




## राजेश पायलट की पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में मनायी




**बिजनौर ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के तत्वावधान में पूर्व केन्द्रीय मंत्री, किसान-मजदूरों के मसीहा एवं लोकप्रिय जननेता स्वर्गीय राजेश पायलट की 26 वीं पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई।

गुरुवार को अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री विरेन्द्र कुमार उर्फ विनोद गुर्जर की अध्यक्षता में स्वर्गीय राजेश पायलट के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. मनोज कटारिया ने स्वर्गीय राजेश पायलट के जीवन, संघर्ष एवं जनसेवा का स्मरण करते हुए कहा कि राजेश पायलट भारतीय राजनीति के उन विरले नेताओं में से थे जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों, गरीबों, युवाओं और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। एक साधारण किसान परिवार से निकलकर भारतीय वायुसेना में देश सेवा करने के बाद राष्ट्रीय राजनीति में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने तक का उनका सफर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय प्रचार मंत्री विरेन्द्र कुमार उर्फ विनोद गुर्जर ने कहा कि स्वर्गीय राजेश पायलट ने सदैव ग्रामीण भारत की आवाज को संसद में मजबूती से उठाते हुए किसानों की समस्याओं, मजदूरों के अधिकारों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर संघर्ष किया। उनका सरल स्वभाव, स्पष्टवादिता, संघर्षशील व्यक्तित्व एवं जनसेवा के प्रति समर्पण आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# यूपी में आंधी-बारिश का अलर्ट

### पश्चिमी हिस्सों में तेज हवाओं की चेतावनी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के लखनऊ केंद्र ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आगामी दिनों के लिए बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं का पूर्वानुमान जारी किया है। विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए आज अधिक सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, आज 12 जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों पर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ वर्षा होने की प्रबल संभावना है। विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर गरज-चमक के साथ 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाएं 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति पकड़ सकती हैं। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। 13 जून को प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसके बाद 14 से 17 जून तक अधिकांश क्षेत्रों में मौसम अपेक्षाकृत शुष्क रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है।




# हमें खेल मत सिखाइए

## रूसी तेल पर घेरने वालों को जयशंकर का जवाब



**हेलसिंकी ( एजेंसी/चिंगारी )।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने फिनलैंड में आयोजित कुल्तारांता वार्ता में रूस से तेल खरीदने को लेकर पश्चिमी देशों की आलोचना का कड़ा जवाब दिया है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने साफ कहा कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर फैसले लेता है। जयशंकर ने यह भी संकेत दिया कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूरोप और अमेरिका की नीतियों में कई विरोधाभास रहे हैं, इसलिए भारत को नैतिकता का पाठ पढ़ाने की कोशिश उचित नहीं है। उनके बयान को भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और ऊर्जा रणनीति के मजबूत बचाव के रूप में देखा जा रहा है। फिनलैंड में उभरती शक्तियां और नई भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा विषय पर चर्चा के दौरान एक पत्रकार ने भारत पर रूस के प्रति नरम रुख अपनाने और रूस से तेल खरीदने का आरोप लगाया। इसके जवाब में जयशंकर ने कहा कि भारत ने हमेशा लागत और उपलब्धता के आधार पर तेल खरीदा है। उन्होंने बताया कि उस समय यूरोपीय देश मध्य-पूर्व से बड़ी मात्रा में तेल खरीद रहे थे, जो भारत का पारंपरिक आपूर्तिकर्ता रहा है। ऐसे में बाजार की परिस्थितियों ने भारत को रूस से तेल खरीदने की दिशा में आगे बढ़ाया। जयशंकर ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान वैश्विक ऊर्जा बाजार में बड़ा बदलाव आया था। यूरोपीय देशों द्वारा मध्य-पूर्व के तेल पर अधिक निर्भरता बढ़ाने के कारण भारत के सामने वैकल्पिक स्रोत तलाशने की आवश्यकता पैदा हुई। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत ने कोई राजनीतिक संदेश देने के लिए नहीं, बल्कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से तेल खरीदा।

# बिहार में लूट और हत्या मामले में था फ़रार, ऋषिकेश पुलिस ने किया गिरफ़्तार




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** बिहार के सीतामढ़ी जिले में लूट और हत्या के मामले में फरार 25 हजार रुपए के इनामी अपराधी मोहम्मद नसीम अख्तर को ऋषिकेश पुलिस और एसओजी देहात की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक अवैध 12 बोर का देसी तमंचा, दो जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन, पहचान पत्र और नकदी बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, बिहार पुलिस ने देहरादून एसएसपी ऑफिस को सूचना दी थी कि सीतामढ़ी का फरार इनामी अपराधी मोहम्मद नसीम अख्तर अपने भाई वसीम की पैरवी और सहायता के लिए ऋषिकेश पहुंचा है। वसीम कुछ समय पूर्व ऋषिकेश में हुई फायरिंग की एक घटना में गिरफ्तार किया गया था। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी देहरादून ने तत्काल ऋषिकेश पुलिस और एसओजी देहात की संयुक्त टीम गठित कर आरोपी की तलाश के निर्देश दिए। इसके बाद पूरे ऋषिकेश क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस को मुखबिर और सर्विलांस के माध्यम से सूचना मिली कि आरोपी नटराज फ्लाईओवर, हरिद्वार रोड क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर आरोपी को नटराज फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध 12 बोर का देसी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने अपने भाई वसीम और अन्य साथियों के साथ मिलकर बिहार के सीतामढ़ी जिले में एक व्यक्ति से लूटपाट की थी। घटना के दौरान पीड़ित को गोली मार दी गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में बिहार पुलिस लंबे समय से आरोपी और उसके साथियों की तलाश कर रही थी। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद आरोपी का भाई वसीम अपने कुछ साथियों के साथ पुलिस से बचने के लिए ऋषिकेश स्थित अपनी ससुराल आ गया था। हालांकि बाद में ऋषिकेश में हुई फायरिंग की घटना में पुलिस ने उसे और उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया था।

## निराश्रित गौवंश आमजन पर हो रहे हमलावर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संरक्षक जी के बड़थ्वाल ने निगम के वार्डों में घूम रहे निराश्रित गौ वंश व सांडों को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की है। कहा कि इनसे आम जन को खतरा पैदा होने के साथ ही यातायात भी बाधित होता है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि वर्तमान में निगम के लगभग सभी वार्डों सहित शहर की मुख्य सड़कों पर निराश्रित गौ वंश और सांड घूमते दिखाई दे रहे हैं। ये निराश्रित गौ वंश क्षेत्र के काश्तकारों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं, वहीं सांडों को भगाने पर वे आम जन पर ही हमलावर हो रहे हैं। इनके सड़कों पर खड़ा रहने की स्थिति में यातायात भी बाधित होता है। कहा कि जनहित को देखते हुए निराश्रित गौ वंशों और सांडों को अन्यत्र शिफ्ट किया जाना आवश्यक है।

## कोटद्वार का बेस अस्पताल खुद बीमार शिकायतों के बावजूद नहीं हो रहा सुधार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नागरिक मंच ने राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर रोष व्यक्त करते हुए विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। मंच का आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद भी अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

इस संबंध में मंच के अध्यक्ष सी पी नैथानी और महासचिव अतुल भट्ट की ओर से स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि बेस अस्पताल कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र सहित पहाड़ व मैदानी क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है, लेकिन चिकित्सकों की कमी, विशेषज्ञ सेवाओं के अभाव और कई चिकित्सा उपकरणों के संचालन न होने से अस्पताल महज रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। इसका खामियाजा मरीजों और उनके परिजनों को भुगतना पड़ रहा है। कहा कि अस्पताल में कई आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण मरीजों को निजी संस्थानों में जांच कराने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। पत्र में चेतावनी दी गई है कि 15 दिन की समयावधि में बेस अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार न होने की स्थिति में सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों के सहयोग से अस्पताल परिसर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## अजाजन शिक्षक एसो. का 24 को देहरादून में प्रदर्शन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन उत्तराखंड की ओर से अपनी 19 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन के अंतर्गत 23 जून को देहरादून में विशाल सचिवालय कूच रैली एवं शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया गया है। यहां जारी एक बयान में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राठी ने बताया कि रैली में प्रदेश भर से एसोसिएशन से जुड़े हजारों शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल होंगे। होने की संभावना है। चेतावनी दी कि जब तक मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## वेतन और पेंशन में की जाये 20 प्रतिशत वृद्धि : यशपाल तुली

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जनपदीय प्रवक्ता एवं सेवानिवृत अध्यापक यशपाल तुली ने केन्द्र एवं राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि केंद्रीय कर्मचारियों, राज्य कर्मचारियों एवं पेंशन धारकों के वेतन तथा पेंशन में कम से कम तत्काल 20 प्रतिशत की वृद्धि कर दी जानी चाहिए। क्योंकि पिछले कुछ माह से महंगाई इतनी अधिक बढ़ गई है कि कर्मचारी को अपने जीवन यापन करने में अत्यधिक कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा कि आठवां वेतन आयोग कार्य कर रहा है और जल्दी ही उसकी रिपोर्ट आ जाएगी। जैसी आशा है कि आठवां वेतन आयोग जनवरी 2026 से माना जाएगा और जब रिपोर्ट आएगी उस समय तक का अवशेष कर्मचारियों को मिलेगा। वर्तमान में जो वृद्धि होगी उतना ही धन कम मिल जाएगा परंतु वर्तमान में कर्मचारियों को बहुत राहत मिलेगी।

## सिंचाई के लिए पानी देने वाली खो नहर दो माह से बन्द है मरम्मत के नाम पर

### किसानों ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बालासौड़ सहित अन्य क्षेत्रों को सिंचाई का पानी प्रदान करने वाली दायी खोह नहर पर मरम्मत कार्य के नाम पर सिंचाई का पानी बंद किए जाने से किसानों में भारी नाराजगी है।

किसानों का कहना है कि पिछले दो माह से नहर बंद होने के कारण खेती-किसानी प्रभावित हो रही है और उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। काश्तकारों ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा। बताया कि सिंचाई विभाग ने दायीं खोह नहर को मरम्मत के नाम पर लंबे समय से बंद कर रखा है, जबकि धान की रोपाई के लिए पौध तैयार करने का समय शुरू हो चुका है। ऐसे में किसानों को सिंचाई के पानी की सख्त जरूरत है। किसानों ने कहा कि सिंचाई के अभाव में धान की पौध तैयार करने के साथ ही मवेशियों के चारे के लिए चरी की बुआई और साग-सब्जियों की खेती भी प्रभावित हो रही है। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा होने की आशंका है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र नहर में पानी छोड़े जाने की मांग करते हुए देवी मंदिर से नीचे की ओर जाने वाली कौड़िया के क्षतिग्रस्त कुलावा संख्या-4 की गूल की मरम्मत कराने की भी मांग उठाई। ज्ञापन सौंपने वालों में पातीराम ध्यानी, अजय रावत, नवीन रावत, संजय गौड़ और प्रवीन सिंह सहित अन्य काश्तकार मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## धामपुर शुगर मिल में हुआ मॉक ड्रिल का आयोजन



### कर्मचारियों ने किया आग से बचने व नियंत्रण पाने का अभ्यास

**धामपुर ( चिंगारी )।** शुगर मिल की यूनिट डी.एस.एम. केमिकल में मिल के उपाध्यक्ष श्री आशीष शर्मा जी के मार्गदर्शन में, सहायक निदेशक, कारखाना, बिजनौर के निर्देशों के अनुपालन में आन-साइट इमरजेंसी प्लान का मॉक ड्रिल आयोजित किया गया।

बता दें कि कारखाना अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक वर्ष जून एवं दिसंबर माह में दो बार मॉक ड्रिल कराना अनिवार्य है। आज का मॉक ड्रिल इथेनॉल लोडिंग प्वाइंट पर किया गया। अभ्यास के दौरान वेल्डिंग करते समय आग लगने की काल्पनिक स्थिति उत्पन्न की गई तथा पप्पू सैनी को घायल दर्शाया गया। तत्काल प्रोसेस टीम द्वारा फायर सेफ्टी टीम को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही धामपुर से पहुंची फायर ब्रिगेड टीम, जिसका नेतृत्व सत्यवीर सिंह ने किया, ने फोम कंपाउंड का प्रयोग कर आग पर काबू पाया। रिहर्सल के पर्यवेक्षक के रूप में डिस्टलरी हेड सुनील राणा, तरुण राणा, विवेक सिंह यादव एवं अग्निशमन अधिकारी सत्यवीर सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने आपातकालीन प्रतिक्रिया समय, संचार व्यवस्था एवं सुरक्षा उपायों का सूक्ष्म अवलोकन किया तथा सुधारात्मक उपायों के बारे में पूरी टीम का ज्ञानवर्धन किया।

### इनकी भी उपस्थिति रही

इस अवसर पर कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार, केमिकल यूनिट के इंजीनियरिंग हेड मोहित वशिष्ठ, राजीव कौशिक, शांतनु दीक्षित, मोहम्मद आबिद, विनोद कुमार सिंह, प्रवीण भारतीया, शरद गहलोत, स्मृति यादव, भुवनेश सिंह, ओंकार सिंह, विदेश, वीरेंद्र चौबे, अजय पांडेय, अमित मिश्रा, सुरजन सिंह, लवकुश चौहान, रतेंद्र कुमार, जयराम यादव, दिनेश गहलोत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बसों में यात्रियों का सामान व नकदी चुराने वाले पांच लोग गिरफ्तार

**चांदपुर ( चिंगारी )। पुलिस ने रोडवेज की बसों में यात्रियों के सामान चोरी होने की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए 5 आरोपियों को चुराये गये सामान के साथ गिरफ्तार किया, जबकि तीन मौके से फरार हो गये।**



ग्राम पीपलसाना निवासी रॉकी तोमर पुत्र बुद्ध सिंह ने 6 मई को थाने में दी गई तहरीर में बताया था कि चांदपुर डिपो के बोनट पर रखे उसके बैग से एक गले का सेट, कान के बूंदें व दो अंगूठी चोरी कर ली। वहीं ग्राम रवाना शिकारपुर थाना स्योहारा निवासी सूर्य प्रताप सिंह पुत्र शिशुपाल सिंह ने 4 जून को थाने में दी गई तहरीर में बताया था कि चोरों द्वारा चांदपुर डिपो की बस में कंडक्टर सीट के पीछे रखे उसके बैग से कागजात व 13 से 14 हजार रुपए चोरी कर लिये।

पुलिस द्वारा नफीस पुत्र सहीक निवासी ग्राम टंडेरा थाना नूरपुर, अहसान पुत्र जहाबुद्दीन निवासी ग्राम मोरना थाना नूरपुर, नवाब पुत्र साबिर निवासी मौ. चौधरियान जोया थाना डिंडोली, अमरोहा, सोनू उर्फ नसीम पुत्र इतवारी निवासी ग्राम शेखसोलान थाना नूरपुर व सतपाल सैनी पुत्र प्रकाश सिंह निवासी ग्राम मंडौरा थाना नूरपुर को गिरफ्तार किया, जबकि इकबाल उर्फ बहरा पुत्र इतवारी निवासी ग्राम शेख सौलान थाना नूरपुर, फिरोज पुत्र अलीमुद्दीन निवासी ग्राम मिलक चक मौहम्मद नगर थाना धामपुर व रोशन मौके से फरार हो गए। पुलिस को पकड़े गए अभियुक्तों के पास से एक पीली धातु का गले का पैंडिल, एक लाल बीजों की माला, एक अंगूठी पीली धातु, एक जोड़ी पीली धातु की कानों की बाली व 8800 रुपये बरामद किए। पुलिस के अनुसार पूछताछ में अभियुक्तों ने रोडवेज की बसों से सामान व नकदी चोरी करना स्वीकार किया।

## कोई सुनार जेवर लेने को तैयार नहीं

**अभियुक्तों ने यह भी बताया कि चोरी किए गए आभूषणों को कोई सुनार खरीदने के लिए तैयार नहीं था, इसलिए उन्होंने उक्त सामान बेचने हेतु सतपाल नामक व्यक्ति को बुलाया था, सतपाल द्वारा उन्हें तत्काल 6200 रुपये दिये गये तथा शेष धनराशि पीली धातु की जांच कराने के बाद देने का आश्वासन दिया गया था। पुलिस टीम में स्वाट /सर्विलांस टीम प्रभारी व टीम बिजनौर, उपनिरीक्षक रोबिन कौशिक, हेका. नरेश पूनिया, विपिन कुमार, कां. रणजीत मलिक, प्रिंस संसरवाल, अंकित, कां. उज्जवल शामिल रहे।**

धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# शहीदों को नमन कर शुरू हुई अटेवा की जनजागरण यात्रा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अटेवा द्वारा पुरानी पेंशन की बहाली, निजीकरण की समाप्ति, टीईटी की अनिवार्यता की समाप्ति के लिए अटेवा पेंशन बचाओ मंच द्वारा जनजागरण यात्रा की शुरुआत काकोरी शहीद स्थल से शहीदों को नमन कर शुरू हुई जनजागरण यात्रा का आरंभ अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने किया। इस अवसर पर विजय कुमार बन्धु ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से सरकार से पुरानी पेंशन बहाली,निजीकरण की समाप्ति और टीईटी की अनिवार्यता की मांग की जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने कहा कि जनजागरण यात्रा पुरानी पेंशन बहाली के संघर्ष की नींव का पत्थर साबित होगी।




जनजागरण यात्रा में प्रमुख रूप से डॉ. रमेश चंद्र त्रिपाठी, डा. कमल उसरी,पंकज गुप्ता, डॉ. राजेश कुमार, आलोक, प्रदीप यादव, हरिशंकर राठौर, श्रवण सचान, दिनकर कपूर, रजत प्रकाश, चंदन सिंह, वेद प्रकाश, विवेक कुमार, देवेंद्र सिंह, आशीष कुमार, निधान सिंह, विजय काकोरी, राकेश कुमार वर्मा, सुनील वर्मा, नरेंद्र कुमार, विजय कुमार, आलोक कुमार समेत कई अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गिराऊ हालत में खड़ा है पोल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर जाटान के बाल्मीकि बस्ती के चौराहे पर बिजली का एक खम्बा अत्यधिक जर्जर हालत में खड़ा है। ज्ञात हुआ है कि मौहल्ले के अनेक जागरूक लोगों ने विद्युत विभाग से कई बार इस संबंध में निवेदन किया है कि किसी भी समय यहां जनहानि होने का खतरा है, लेकिन विभाग आंख मूंदें बैठा है और किसी गंभीर दुर्घटना का इन्तजार कर रहा है।

# परिवहन विभाग ने चलाकर अभियान, 5 वाहन किये सीज, 154 का चालान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए परिवहन विभाग ने गुरुवार को जिले में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। अनाधिकृत नंबर प्लेट लगाकर संचालित वाहनों और ओवरलोड माल वाहनों के खिलाफ की गई कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान पांच ओवरलोड माल वाहनों को सीज किया गया, जबकि विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन पर 154 वाहनों के चालान काटे गए।

गुरूवार को एआरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन महेश शर्मा के निर्देशन में दो टीमों का गठन किया गया। एक टीम का नेतृत्व स्वयं एआरटीओ महेश शर्मा ने, जबकि दूसरी टीम की कमान पीटीओ मुन्ना लाल के हाथों में रही। टीमों ने नजीबाबाद रोड, नूरपुर और धामपुर मार्ग पर संघन चैकिंग अभियान चलाया।

परिवहन विभाग की कार्रवाई की सूचना मिलते ही कई वाहन चालक मुख्य मार्गों से हटकर ग्रामीण रास्तों से निकलने का प्रयास करते दिखाई दिए। हालांकि टीमों ने पूरी सतर्कता के साथ वाहनों को रुकवाया, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो।

### धर्म कांटे पर कराया वाहनों का वजन

अभियान के दौरान टीमों ने माल वाहनों को रोककर धर्म कांटे पर उनका वजन कराया गया। साथ ही यह भी जांच की गई कि कहीं माल वाहनों में अवैध रूप से सवारियां तो नहीं ढोई जा रहीं। जांच में पांच वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल लादे पाए गए, जिन्हें सीज कर दिया गया।

### 154 वाहनों के चालान

अभियान के दौरान हेलमेट न पहनने, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने, गलत दिशा में वाहन चलाने, गलत स्थान पर पार्किंग करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने वाले चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। विभिन्न उल्लंघनों में कुल 154 वाहनों के चालान किए गए।

### जारी रहेगा अभियान

**एआरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन महेश शर्मा ने सड़क सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर विभाग का अभियान आगे भी जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।**

# वोट चोरी के बाद अब 'सीट चोरी' पर उतरी भाजपा

## चलाएंगे देशव्यापी अभियान- कांग्रेस

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** कांग्रेस ने मोदी सरकार पर वोट चोरी के बाद अब सीट चोरी करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके शासन में महंगाई, बेरोजगारी, संस्थाओं पर हमले और पेपर लीक जैसी अनियमितताएं चल रही हैं जिनके खिलाफ पार्टी जनता के बीच जाकर राष्ट्रीय स्तर पर अभियान शुरु करेगी। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां इंदिरा भवन में हुई पार्टी महासचिवों, प्रदेश अध्यक्षों, प्रभारियों और वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि करीब तीन घंटे चली बैठक में विभिन्न मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि सरकार की नीतियों के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर जल्द ही अभियान शुरु किया जाएगा।



अभियान की रूपरेखा पर चार, पांच दिन में विचार-विमर्श के बाद निर्णय लेकर इसका खुलासा कर दिया जाएगा। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं और व्यवस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है और भाजपा सरकार की इन कोशिशों के खिलाफ खड़ा होना कांग्रेस की जिम्मेदारी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि एक ही चुनाव आयोग सही नामांकन को खारिज करता है और गलत नामांकन पर नरम रुख अपनाकर उसके नामांकन को स्वीकार कर लेता है।

उन्होंने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया और कहा कि जब इस मामले को लेकर कांग्रेस चुनाव आयोग पहुंची तो उन्हें मिलने का समय तक नहीं दिया गया। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। वोट चोरी के बाद अब उसने सीट चोरी भी शुरु कर दी है। मध्य प्रदेश में जिस तरह से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के नामांकन को खारिज किया गया है, वह अत्यंत चिंताजनक है और कांग्रेस इस मामले में राजनीतिक और कानूनी दोनों तरह की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन खारिज होने पर गहरी चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र पर गंभीर हमला है। उनका कहना था कि उम्मीदवार के खिलाफ न कोई आपराधिक मामला था, न प्राथमिकी और न ही आरोपपत्र, इसके बावजूद उनका नामांकन खारिज किया गया। दूसरी ओर झारखंड में भाजपा समर्थित उम्मीदवार के नामांकन पत्र में कई त्रुटियां होने के बावजूद उसे स्वीकार कर लिया गया। उनका आरोप था कि एक तरफ कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द किया जाता है और दूसरी तरफ झारखंड में कई खामियों वाले भाजपा समर्थित उम्मीदवार के नामांकन को मंजूरी दी जाती है। उन्होंने इसे देश के लोकतंत्र के लिए चिंताजनक स्थिति बताया और कहा कि यह सीट कांग्रेस की थी लेकिन उम्मीदवार का नामांकन रद्द करवा दिया गया।

# ममता के अलावा न किसी को जानता हूं, न किसी को मानता हूं...



## अभिषेक बनर्जी पर बोले शत्रुघ्न सिन्हा

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने साफ-साफ कहा है कि तृणमूल कांग्रेस के तथाकथित बागियों के बीच उनका नाम लिया जाना गलत है। आसनसोल से टीएमसी सांसद ने कहा कि वे पहले भी ममता बनर्जी के साथ थे और आगे भी रहेंगे। एक न्यूज चैनल के साथ खास बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्होंने न तो किसी पेपर पर हस्ताक्षर किया और न ही हामी भरी है न ही किसी बागी ने उनसे संपर्क किया है। अभिषेक बनर्जी के व्यवहार उनके सीनियर नेताओं के साथ कथित दुर्वयवहार पर शत्रुघ्न सिन्हा ने स्पष्ट रूप से कहा कि तृणमूल कांग्रेस में उनकी नेता सिर्फ और सिर्फ ममता बनर्जी हैं, इसके अलावा वे न तो किसी को जानते हैं और न ही किसी को मानते हैं। ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी से पार्टी सांसद कल्याण बनर्जी की नाराजगी पर शत्रुघ्न सिन्हा ने विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कल्याण बनर्जी बहुत बुद्धिमान और अनुभवी नेता हैं, अभिषेक बनर्जी को लेकर उनकी निजी वजहें हो सकती हैं, लेकिन उन्होंने अभिषेक बनर्जी के बारे में कहा है और वे ममता बनर्जी के साथ हैं। ममता जी के विजडम पर उनको पूरा विश्वास है। जैसा ममता कहेंगी, वैसा हो करेंगे। शत्रुघ्न सिन्हा ने कल्याण बनर्जी को देश के चुनिंदा और काबिल सांसदों में से एक बताया। उनकी नाराजगी के प्रोफेशनल कारण हो सकते हैं, हो सकता है उन्हें मान-सम्मान न मिला हो, इसलिए वे नाराज हुए हों। टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि जहां तक अभिषेक बनर्जी का सवाल है तो उनकी नेता सिर्फ और सिर्फ ममता बनर्जी हैं, इसके अलावा वे किसी और को नहीं जानते हैं। शत्रुघ्न सिन्हा ने आगे कहा, मेरी जो भी सीधी बातचीत होती थी, जो भी निर्देश-आदेश होता था वो ममता जी के तरफ से होता था। जब तक मैं पार्टी में रहूंगा, तब तक मैं ममता बनर्जी की बात सुनूंगा, मैं किसी और को नहीं जानता हूं और न किसी को मैं उस रूप में मानता हूं।




महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में

100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट

कम ब्याज दर

आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# फीफा विश्व कप का हुआ धमाकेदार आग़ाज़

## शकीरा ने मैक्सिको में बांधा समां

**मेक्सिको (एजेंसी/चिंगारी)।** फीफा विश्व कप 2026 का रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ आगाज हुआ। मेक्सिको के ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित मेक्सिको सिटी स्टेडियम में उद्घाटन समारोह मेक्सिकन संस्कृति, संगीत और भव्यता से भरपूर रहा। यह टूर्नामेंट आकार, टिकट कीमतों और सुविधाओं के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप हो रहा है। इस मेगा इवेंट की शुरुआत को कोलंबिया की मशहूर गायिका शकीरा और नाइजीरियाई गायक बर्ना बॉय ने मिलकर यादगार बनाया। इसके अलावा दुनिया के कई मशहूर कलाकारों ने भी इसमें हिस्सा लिया। फुटबॉल का महाकुंभ 'फीफा विश्व कप' 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 39 दिनों में 48 टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 104 मैच खेले जाएंगे। यह विश्व कप कई मायनों में ऐतिहासिक है, क्योंकि फीफा के इतिहास में पहली बार 48 टीमें इस खिताब के लिए आपस में भिड़ेंगी। ओपनिंग सेरेमनी की शुरुआत मेक्सिको की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक संगीत और लोक नृत्य के शानदार प्रदर्शन के साथ हुई। उद्घाटन समारोह लगभग 15-20 मिनट चला, जिसमें पारंपरिक लोक नृत्य, स्वदेशी कलाकारों की प्रस्तुतियां और आकर्षक आतिशबाजी शामिल रही। शकीरा ने 15 साल पहले 2010 में फीफा विश्वकप के लिए 'वाका वाका' गाना पेश किया था था और आज शकीरा ने इस वैश्विक टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच से पहले अपना नया गाना 'दाई दाई' पेश किया। जे बाल्विन, टायला समेत कई अन्य कलाकारों ने भी मंच पर धमाल मचाया। 87,500 से ज्यादा दर्शकों से भरे स्टेडियम में जब स्टार्स ने परफॉर्म किया तो स्टेडियम फैंस की आवाजों से गूंज उठा।






### तीन देशों में तीन अलग ओपनिंग सेरेमनी

फैंस को इस बार तीन ओपनिंग सेरेमनी देखने का मौका मिलेगा। फीफा ने इस बार फैंस को एक अनोखा अनुभव देने के लिए तीनों मेजबान देशों में अलग-अलग ओपनिंग सेरेमनी आयोजित करेगा। मेक्सिको में हुए आयोजन के साथ टूर्नामेंट का आगाज हुआ। दूसरी ओपनिंग सेरेमनी कनाडा के टोरंटो स्टेडियम में होगी, जबकि तीसरा लॉस एंजिल्स स्टेडियम में होगा, जहां केटी पेरी जैसी स्टार्स परफॉर्म करेंगी।

## दक्षिण कोरिया ने चेकिया को 2-1 से हराया



ह्वांग इन-बिओम और ओह हियोन-ग्यू के शानदार गोलों की बदौलत दक्षिण कोरिया ने आज फीफा विश्वकप 2026 ग्रुप ए मुकाबले में चेकिया को 2-1 से हराया। मैच के पहले हाफ में दक्षिण कोरिया और चेकिया संघर्षपूर्ण मुकाबले के बावजूद गोल करने में विफल रहे। पहले हाफ की तरह ही, दूसरे हाफ के बीच में भी दोनों टीमों को हाइड्रेशन ब्रेक दिया गया। हालांकि गर्मी में यह ब्रेक अच्छा रहेगा, लेकिन दक्षिण कोरिया के लिए शायद यह सही समय पर न हो, क्योंकि वे अपने मोमेंटम का फायदा उठाने के लिए लगातार खेलना चाह रहे होंगे। दूसरे हाफ का खेल शुरू होते ही चेकिया ने आक्रमण शुरू किया और उसे 59वें मिनट में सफलता मिली। चेकिया के लिए लाडिसलाव क्रेजसी ने पहला गोल दागा। कौफल ने छह-यार्ड बॉक्स के किनारे तक एक लंबा थ्रो फेंका, जहां बिना किसी रुकावट के क्रेजसी ने सही समय पर छलांग लगाई और बेबस किम सेउंग-ग्यू को छकाते हुए गोल कर दिया। कप्तान के इस गोल से चेकिया ने 1-0 से बढ़त बना ली।

# राजग में सहज और उत्साहित है रालोद

## कम-ज्यादा सीटों से संबंधों पर नहीं आएगी आंच

**सहारनपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ पूरी तरह सहज और उत्साहित दिखाई दे रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में प्रभाव रखने वाला रालोद बूथ स्तर तक अपने संगठन को मजबूत करने में जुटा हुआ है और गठबंधन धर्म निभाने की बात कर रहा है। योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं रालोद के प्रमुख दलित चेहरों में शामिल अनिल कुमार का कहना है कि पार्टी पूरे प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और ताकत के साथ काम करेगी। उनका दावा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किसानों और गांवों के विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति के जानकार एवं पूर्व सांसद के.सी. त्यागी का मानना है कि सीटों का बंटवारा जमीनी वास्तविकताओं और सर्वेक्षणों के आधार पर होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी यह तय नहीं है कि रालोद कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा, लेकिन सीटों की संख्या को लेकर गठबंधन में किसी प्रकार का तनाव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि रालोद के समाजवादी पार्टी के साथ दोबारा जाने की संभावना नहीं है। भाजपा प्रवक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार अवनीश त्यागी का कहना है कि प्रदेश में राजग सुचारु रूप से कार्य कर रहा है। उनके अनुसार, जिस प्रकार देश की जनता नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार करती है, उसी प्रकार उत्तर प्रदेश की जनता योगी आदित्यनाथ को एक बार फिर मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है।




अनिल कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान करना किसानों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने इसे चौधरी चरण सिंह की नीतियों और विचारों को स्वीकार करने का संदेश बताया। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को किसानों का सच्चा हितैषी बताते हुए कहा कि राज्य सरकार गांवों और किसानों की खुशहाली के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में रालोद ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन कर 33 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें उसे आठ सीटों पर सफलता मिली थी। हालांकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गठबंधन का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा था। बाद में खतौली विधानसभा उपचुनाव में भी रालोद ने जीत दर्ज की थी।

### रालोद के कई विधायक

वर्तमान में रालोद के पास कई विधायक हैं, जिनमें मेरठ की शिवालखास सीट से गुलाम मोहम्मद, बागपत की छपरौली सीट से डॉ. अजय कुमार, शामली से प्रसन्न कुमार, थानाभवन से अशरफ अली, मुजफ्फरनगर की पुरकाजी सीट से कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से मिथलेश पाल, बुढ़ाना से राजपाल बालियान तथा हाथरस की सादाबाद सीट से प्रदीप कुमार सिंह शामिल हैं। पार्टी अध्यक्ष जयंत चौधरी राज्यसभा सदस्य हैं, जबकि चंदन चौहान और डॉ. राजकुमार सांगवान लोकसभा में पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मथुरा से योगेश नौवाल पार्टी के एमएलसी हैं।

### पार्टी बढ़ा रही जनाधार

रालोद के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि पार्टी तेजी से अपना जनाधार बढ़ा रही है और उसकी लोकप्रियता अब केवल जाट बहुल क्षेत्रों तक सीमित नहीं रह गई है। पार्टी चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजीत सिंह की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए अपनी अलग पहचान मजबूत करने के प्रयास कर रही है। इसके साथ ही वह अपने पुराने जाट-मुस्लिम सामाजिक समीकरण को नये सिरे से संगठित करने की दिशा में भी काम कर रही है।

# नगर पालिका ईओ पर जानलेवा हमला

## दीवार फांद कर घर में घुसे हमलावर

**नहटौर ( चिंगारी )।** सेवा समाप्ति से गुस्साये पूर्व संविदा कर्मचारियों ने अपने साथियों के साथ अधिशासी अधिकारी ओम गिरि पर जानलेवा हमला कर दिया। ईओ के शोर मचाने पर मौके पर आए अन्य कर्मचारियों ने बचाया। कर्मचारियों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

आज प्रातः करीब 8 बजे अधिशासी अधिकारी ओम गिरि अपने आवास पर अखबार पढ़ रहे थे। आरोप है कि मकान के आवास के पीछे की साइड स्थित दीवार फांदकर घर में घुसे पूर्व कर्मचारी अर्जुन वाल्मीकि एवं उसके तीन-चार साथियों ने अधिशासी अधिकारी पर जानलेवा हमला कर दिया। अधिशासी अधिकारी ने शोर मचाया। जिस पर पालिका परिषद में मौजूद कर्मचारियों ने अधिशासी अधिकारी को बड़ी मुश्किल से बचाया। ईओ के साथ मारपीट करते हुए गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। जिससे अधिशासी अधिकारी की हालत बिगड़ गयी। जिन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दो आरोपियों को पुलिस की सहायता से पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है, तहरीर मिली है रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार कर लिए हैं शेष के लिए दबिश दी जा रही है।

## अर्जुन कुमार की संविदा सेवा समाप्त

**विभिन्न मांगों को लेकर कुछ सफाई कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा प्रदर्शन तीसरे दिन मांगो पर कार्रवाई करने के आश्वासन पर समाप्त हो गया है। वही, अधिशासी अधिकारी ने बिना अनुमति कर्मचारियों को भड़काने एवं प्रदर्शन कराने वाले कर्मचारियों का नेतृत्व कर रहे सफाईकर्मी अर्जुन कुमार की संविदा नियुक्ति समाप्त करते हुए नगर पालिका कार्यालय परिसर में बिना अनुमति आना प्रतिबंधित कर दिया है।**

## ईओ का हालचाल जाना

**अधिशासी अधिकारी ओम गिरि पर हमले की जानकारी मिलते ही कर्मचारियों में रोष व्याप्त हो गया। कार्रवाई की मांग को लेकर वह थाने पहुंच गए। वहीं पालिका अध्यक्षा अनस इकरार व उनके पति मोहम्मद जैद ने भी अधिशासी अधिकारी का हाल-चाल जाना। सभासदों ने भी अस्पताल पहुंचकर अधिशासी अधिकारी का हाल-चाल जाना।**

# नोडल अधिकारी ने अप्रशिक्षित चिकित्सक के खिलाफ थाने में दर्ज कराया मुकदमा

**नगीना ( चिंगारी )।** बिना पंजीकरण व चिकित्सक योग्यता के निजी प्रेक्टिस करने वाले एक अप्रशिक्षित चिकित्सक के खिलाफ नोडल अधिकारी ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। नगीना के नोडल अधिकारी डॉक्टर के पी सिंह ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम मंझेड़ा शकरू में कमरुद्दीन नामक एक अप्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस करने की शिकायत मिली थी। करीब डेढ़ माह पूर्व शिकायत के आधार पर उसके निजी अस्पताल को सील कर दिया गया था। आरोप है कि भविष्य में प्रैक्टिस नहीं करने के लिखित आश्वासन देने के बाद भी वह अपने निजी अस्पताल के बाहर मरीजों को देख रहा था। उनका कहना है कि वह अपने निजी अस्पताल चलाने संबंधी व चिकित्सा संबंधी योग्यता प्रमाण पत्र नहीं दिखा सका। नोडल अधिकारी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

**धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।**

**बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय**
**निकट थाना कोतवाली, धामपुर**
**मनोज कात्यायन 9927500708**
**जुल्फिकार मंसूरी 9568154643**

# पत्रकार मोईन अहमद के वालिद का इंतकाल, शोक की लहर



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर टाइम्स ग्रुप के मंडावर संवाददाता मोईन अहमद के वालिद जनाब मौ. इब्राहीम का आज तड़के लगभग तीन बजे इंतकाल हो गया। 78 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपने मंडावर स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। श्री मौ. इब्राहीम पिछले कई वर्षों से लगातार बीमार चल रहे थे। काफी उपचार कराने के बाद भी उनको बचाया नहीं जा सका। मौ. इब्राहीम के इंतकाल की खबर मिलते ही उनके आवास पर लोगों का तांता लग गया। मरहूम मौ. इब्राहीम निहायत शरीफ और दीनदार व्यक्ति थे। आज जुमे की नमाज के बाद जनाजे की नमाज हुई। उसके बाद उन्हें उनके आबाई कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। उनके जनाजे में भीड़ उमड़ पड़ी। चिंगारी परिवार श्री मौ. इब्राहीम की मगफिरत तथा ग़मजदा परिवार को सब्र अता करने की दुआ करता है।

# अचानक गिर गया आम का पेड़



**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर के प्राइवेट नजीबाबाद बस स्टैंड के पीछे स्थित जेल रोड पर शुक्रवार दोपहर एक वर्षों पुराना विशालकाय आम का पेड़ अचानक भरभराकर गिर पड़ा। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई राहगीर या वाहन खड़ा नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार जेल रोड पर जेल अधीक्षक आवास के सामने स्थित जिला पंचायत आवास परिसर में खड़ा विशाल आम का पेड़ आज दोपहर लगभग 12:15 बजे अचानक गिर गया। पेड़ गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए।

पेड़ के गिरने से वहां से गुजर रही बिजली लाइन के तार भी टूटकर नीचे गिर गए, जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना बिजली विभाग एवं वन विभाग को दी।

पेड़ सड़क की ओर गिरने के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा और जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलने पर संबंधित विभागों की टीम मौके पर पहुंची और पेड़ को हटाने तथा बिजली आपूर्ति बहाल करने की कार्रवाई शुरू की।

> **“ शहर में कई स्थानों पर पुराने और जर्जर पेड़ खड़े हैं, जिनकी समय-समय पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से जन-धन की हानि न हो।**

# यूपीआई अब नेपाल में भी चालू


**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत और नेपाल ने परस्पर डिजिटल वित्तीय संपर्क और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए लोगों को मोबाइल ऐप के माध्यम से सीमा-पार धन प्रेषण की सुविधा शुरू कर दी है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में भारत और नेपाल ने छह जून को आधिकारिक तौर इस सुविधा तंत्र का शुभारंभ किया। इसके तहत भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) और नेपाल के राष्ट्रीय भुगतान इंटरफेस (एनपीआई) के बीच एक सीधा समन्वय स्थापित किया गया है। इससे दोनों देशों के नागरिकों को मोबाइल बैंकिंग अनुप्रयोगों और डिजिटल वॉलेट के माध्यम से किसी भी समय, निर्बाध, और सुरक्षित रूप से धन के लेन-देन की सुविधा मिल गयी है। यह तकनीकी समन्वय नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की अंतरराष्ट्रीय शाखा-एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) और नेपाल क्लियरिंग हाउस लिमिटेड (एनसीएचएल) के बीच सहयोग से किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यूपीआई-एनपीआई जुड़ाव वित्तीय समावेशन में एक बडी प्रगति को दर्शाता है, जो भारत और नेपाल के बीच मजबूत आर्थिक और डिजिटल संबंधों को बढ़ावा देता है।

# महिला ग्रुप ने स्टाल लगाया, राहगीरों को शर्बत पिलाया



**धामपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर रोड स्थित सिंह विहार कॉलोनी, जैतरा में एकादशी के अवसर पर महिला ग्रुप ने राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए शर्बत का वितरण किया। इस सेवा कार्य में समाज सेविका हिमांचल रानी, शोभा राजपूत, अनीता रानी, मनसा देवी, अमृता सिसोदिया, मंजू पूना, सुनीता, चंचल, रीता, शकुंतला देवी, लता, निर्देश और पूनम सहित ग्रुप की सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन की सबसे खूबसूरत झलक तब देखने को मिली जब कॉलोनी के छोटे-छोटे बच्चों ने भी बड़े उत्साह के साथ इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी निभाई और महिलाओं के साथ मिलकर सभी को शर्बत वितरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयवीर सिंह सिसोदिया, भूपेंद्र सिंह, महावीर सिंह सिसौदिया, उमेश सिसौदिया, सुनील कुमार, महेंद्र सिंह और धर्मेश सिसौदिया उपस्थित रहे।

# सर्व ब्राह्मण महासभा के नगराध्यक्ष बने जितेन्द्र



**धामपुर ( चिंगारी )।** सर्व ब्राह्मण महासभा उत्तर प्रदेश के संगठनात्मक विस्तार के तहत डॉ. संदीप शर्मा द्वारा धामपुर ने नगर के समाजसेवी डॉ. जितेन्द्र कौशिक (चवन्नी वालों) को सर्व ब्राह्मण महासभा धामपुर नगर अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। डॉ. जितेन्द्र कौशिक लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं, जिससे उनकी पहचान क्षेत्र में एक समर्पित समाजसेवी के रूप में बनी हुई है। इस मनोनयन पर अनिल शर्मा एडवोकेट ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन धामपुर नगर में और अधिक सशक्त एवं सक्रिय रूप से कार्य करेगा।

# जेई को पकड़कर धरने पर बैठाया 4 घंटे में नया ट्रांसफार्मर मंगाया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत कार्यकर्ताओं ने पिछले एक सप्ताह से फुंके ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर रखवाये जाने की मांग को लेकर जलीलपुर स्थित बिजलीघर पर धरना दिया। कमाल तो तब हुआ, जब भाकियू ने विद्युत विभाग के जेई को भी धरने पर बैठा लिया, जिससे विभाग तुरंत हरकत में आया और मात्र 4 घंटे में मुरादाबाद से नया ट्रांसफार्मर लगाकर लगा दिया।

ग्राम सलेमपुर में विद्युत ट्रांसफार्मर 8 दिन पहले फुंक गया था। ग्रामीणों द्वारा बार-बार मांग करने के बावजूद अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही थी। गुरुवार को भाकियू कार्यकर्ता जलीलपुर बिजलीघर पर पहुंचे और जेई को भी पकड़कर अपने साथ धरने पर बैठा लिया। कहा जब तक गांव में दूसरा ट्रांसफार्मर नहीं लगेगा, तब तक जेई भी



हमारे साथ धरनास्थल पर बैठेगा। इससे विभाग में हड़कम्प मच गया और आनन-फानन में मुरादाबाद से ट्रांसफार्मर लाया गया। ट्रांसफार्मर मिलने के बाद भाकियू ने धरना समाप्त किया। धरने पर बैठने वालों में भाकियू के ब्लाक अध्यक्ष चौ. कल्याण सिंह, जिला सचिव हुक्म सिंह, शमशेर सिंह चीमा, पूर्व युवा तहसील अध्यक्ष चरन सिंह, नरवल सिंह, साहब सिंह, परवेज आलम, तेजवीर सिंह, न्याय पंचायत अध्यक्ष जगरूप सिंह, राजू प्रधान, मनोज शर्मा, मीडिया प्रभारी मौ. हनीफ रहे।

# तालिब बंधुओं को हाईकोर्ट से जमानत मिली

**बिजनौर ( चिंगारी )।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह पर किये गये कथित हमले के आरोपी तालिब बंधुओं को सशर्त जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति संजीव कुमार की एकल पीठ ने अपराध की प्रकृति, उपलब्ध तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करने के बाद जमानत अर्जी स्वीकार की। तालिब, खालिद व आबिद की ओर से हाईकोर्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता मुख्तार आलम व उनके असिस्टेंट यावर मुख्तार व केसरीनाथ त्रिपाठी ने बहस की। जमानत स्वीकार हो जाने के बाद खालिद व आबिद की सम्भवत: आज जेल से रिहाई हो जायेगी, लेकिन तालिब को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा। तालिब के खिलाफ शेरकोट थाने में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। अभी तालिब को उक्त मुदमे में जमानत नहीं मिली है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह पर हुए कथित हमले के आरोप में तालिब बंधु जिला कारागार में बंद हैं। उक्त तीनों भाइयों ने मुकदमा अपराध संख्या 254/2026 में जमानत की मांग की थी। उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 109(1), 132, 191(2), 351(2) और 352 के तहत बिजनौर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता मुख्तार आलम ने दलील दी कि तालिब बंधु निर्दोष हैं। उन्हें झूठा फंसाया गया है। एफआईआर के अनुसार फायरिंग की घटना में किसी व्यक्ति को चोट नहीं आई। विवेचना के दौरान धारा 109(1) बीएनएस हटा दी गई और आरोपपत्र केवल धारा 132, 352 और 351(2) बीएनएस में दाखिल किया गया, जिनमें अधिकतम दो वर्ष की सजा का प्रावधान है।

### इन शर्तों पर मिली जमानत

**हाईकोर्ट ने खालिद बंधुओं को व्यक्तिगत मुचलके और दो जमानतियों पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ ही शर्त रखी है कि वह किसी भी प्रकार से साक्ष्यों या गवाहों को प्रभावित नहीं करेंगे, सुनवाई में सहयोग करेंगे तथा न्यायालय द्वारा निर्धारित तिथियों पर उपस्थित रहेंगे। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि जमानत की किसी भी शर्त का उल्लंघन किया गया तो ट्रायल कोर्ट को जमानत निरस्त करने का अधिकार होगा। उल्लेखनीय है कि जेल में रहते हुए ही तालिब के खिलाफ शेरकोट थाने में जमीन सम्बंधी एक मुकदमा दर्ज हुआ था। तालिब व उनके दोनों भाइयों खालिद व आबिद की जमानत पूर्व सांसद पर हुए कथित हमले की घटना में हुई है। तालिब को शेरकोट मामले में अभी जमानत नहीं मिली है, इसलिए उन्हें अभी जेल में ही रहना पड़ेगा।**

# नवागत डीआईओएस का स्वागत किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, जनपद बिजनौर का एक प्रतिनिधिमंडल माध्यमिक संवर्ग के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक श्री धर्मेंद्र कुमार सक्सेना से उनके कार्यालय में मिला। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रतिनिधिमंडल ने जनपद में शैक्षिक वातावरण के उन्नयन और विभाग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान विशेष रूप से आमेलित विषय विशेषज्ञों के पुरानी पेंशन से संबंधित लंबित प्रकरणों को प्रमुखता से उठाया गया। जिला विद्यालय



निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सक्सेना ने सभी पदाधिकारियों की बातों को अत्यंत सहानुभूतिपूर्वक और ध्यान से सुना। उन्होंने शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार हेतु निरंतर संवाद की आवश्यकता पर बल दिया और पुरानी पेंशन संबंधी लंबित प्रकरणों को त्वरित गति से निस्तारित कर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित करने का ठोस आश्वासन दिया। इस अवसर पर इंद्रपाल सिंह यादव, जिला महामंत्री डॉ. होरी सिंह, प्राथमिक संवर्ग के जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, जिला मंत्री अमर सिंह, मण्डलीय मंत्री रितेश भटनागर सहित मोहित शर्मा, धर्मवीर सिंह, दीपक चौहान, जयदीप मलिक, विष्णु कुमार, अरुण उपाध्याय, अरेंद्र कुमार, राजीव गोस्वामी, राजीव सिंह, गजेन्द्र सिंह, राहिल अनवर एवं उवेश उपस्थित रहे। दिग्विजय सिंह एवं मोहित शर्मा की विशेष भूमिका रही।

# धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी वसीम की जमानत अर्जी खारिज़

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सैलून का काम कराने के लिए कश्मीर लेकर गए युवक को शादी का झांसा देकर धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी वसीम की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायधीश/विशेष न्यायधीश (गैंगस्टर अधि.) अलका चौधरी ने खारिज कर दी है। एडीजीसी पंकज चौहान ने बताया कि शहर कोतवाली के ग्राम खानजहांपुर बहादरपुर गढ़ी उर्फ बाखरपुर निवासी कृष्ण कुमार पुत्र शौनाथ सिंह ने शहर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका पुत्र विशाल कुमार ग्राम काजीवाला निवासी वसीम पुत्र लियाकत के साथ सैलून का काम सीखने के लिए कश्मीर गया था। लेकिन 15 मई 26 को रात्रि करीब 8 बजे उसे पता चला कि उसके बेटे विशाल का धर्म परिवर्तन जबरन करा लिया गया है। पुलिस ने 21 मई को आरोपी वसीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी वसीम के अधिवक्ता ने जमानत अर्जी लगाई थी। जिसमें अधिवक्ता ने वसीम को फर्जी फंसाने की बात कही थी। गुरुवार को अर्जी अपर सत्र न्यायधीश/विशेष न्यायधीश (गैंगस्टर अधि.) अलका चौधरी ने मामले में सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलील को सुनकर आरोपी वसीम की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

# आंधी, तेज बारिश और वज्रपात का अलर्ट, प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मौसम विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद बिजनौर में आज 12 जून से 13 जून 2026 तक आंधी, तेज हवाएं, बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट रहने और आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।



अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेन्द्रपाल सिंह ने बताया कि जिले में वर्षा के साथ मेघ गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। संभावित आपदा को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और आमजन से भी विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है।

### खुले मैदान और पेड़ों के नीचे न जाएं

एडीएम ने कहा कि वज्रपात के दौरान लोग खुले मैदान, खेत, तालाब, नदी, नहर और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें। पेड़ों के नीचे शरण लेने से बचें और सुरक्षित पक्के भवनों में ही आश्रय लें। उन्होंने मोबाइल टावर, विद्युत खंभों, ऊंची इमारतों, धातु की वस्तुओं और बिजली के उपकरणों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी।

### किसानों के लिए विशेष चेतावनी

**प्रशासन ने किसानों से खराब मौसम के दौरान खेतों में काम न करने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। यदि कोई व्यक्ति खुले स्थान पर फंस जाए तो दोनों पैरों को मिलाकर नीचे झुक जाए और जमीन पर न लेटे।**

### '30-30 नियम' अपनाने की सलाह

एडीएम ने बताया कि बिजली चमकने के बाद यदि 30 सेकेंड के भीतर गर्जन सुनाई दे तो तुरंत सुरक्षित स्थान पर पहुंच जाएं। वहीं अंतिम गर्जन के कम से कम 30 मिनट बाद ही खुले में निकलें। इसे ही '30-30 नियम' कहा जाता है, जो वज्रपात से बचाव का प्रभावी उपाय माना जाता है।

### आंधी-तूफान में घरों के भीतर रहें

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि आंधी-तूफान के दौरान घरों की खिड़कियां और दरवाजे सुरक्षित रखें तथा अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें। टीवी, कंप्यूटर, रेफ्रिजरेटर, कूलर सहित अन्य विद्युत उपकरणों का उपयोग बंद कर दें। वाहन चालक सुरक्षित स्थान पर वाहन रोककर वाहन के अंदर ही रहें और पेड़ों या बिजली की लाइनों के पास वाहन खड़ा न करें।

### आपदा की स्थिति में इन नंबरों पर करें संपर्क

वज्रपात या अन्य आपदा संबंधी सूचना, शिकायत अथवा सहायता के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कंट्रोल रूम नंबर 01342-262031 और 01342-262295 पर संपर्क किया जा सकता है। आपातकालीन सहायता के लिए 112, अग्निशमन सेवा के लिए 101 तथा चिकित्सा सहायता के लिए 108 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### जागरूक रहें, सुरक्षित रहें

**जिला प्रशासन ने नागरिकों से मौसम विभाग, आकाशवाणी, एफएम रेडियो, टेलीविजन और प्रशासन द्वारा जारी चेतावनियों व एडवाइजरी पर लगातार नजर रखने की अपील की है, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि और पशुहानि को रोका जा सके।**

# चोरी के माल सहित दो आरोपी गिरफ्तार




**शेरकोट (चिंगारी)।** बंद मकान के ताले तोड़कर हुई लाखों रुपए की चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो अभियुक्तों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों को चालान कर जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि रोजगार के सिलसिले में अपनी पत्नी व बच्चों सहित दिल्ली में रह रहे नगर के मुहल्ला कायस्थान निवासी इमरान अहमद के बंद मकान को गत 23 मई को निशाना बनाकर लाखों रुपए के सोने,चांदी के जेवर, 20 हजार रुपए की नकदी सहित अन्य सामान चोरी हो गया था। इमरान द्वारा गत 7 जून को तहरीर दिये जाने पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि बुधवार की रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो संदिग्ध बाइक सवारों को गिरफ्तार किया। पुलिस के

## 23 मई को हुई थी शेरकोट में चोरी

मुताबिक पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम अनमोल पुत्र सोमपाल और देव विश्वास उर्फ देवू पुत्र सिरीश विश्वास निवासीगण ट्रांजिट कैंप रूद्रपुर उत्तराखंड बताया। पुलिस के अनुसार अभियुक्तों ने पूछताछ में घटना को अंजाम देना कबूल करते हुए बताया कि 23 मई की रात वे दोनों हरिद्वार से रुद्रपुर जा रहे थे। पैसे खत्म होने पर उन्होंने शेरकोट में चोरी करने की योजना बनाई और इमरान का घर बंद देखकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया पकड़े गए अभियुक्तों के पास से चोरी के जेवर, एक मोबाइल और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्तों का अपराधिक इतिहास है और उन पर पूर्व में कई मुकदमे चल रहे हैं। चोरी की घटना का खुलासा करने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर मोहित चौधरी, हेड कांस्टेबल संदीप कुमार, अंकुर कुमार, आकाश कुमार आदि शामिल रहे।

## अलमान ने एएमयू प्रवेश परीक्षा में पाई 14 वीं रैंक

**नहटौर (चिंगारी)।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अंतर्गत कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा में नहटौर के अलमान उमर ने 14वीं रैंक प्राप्त की है। नहटौर के मौहल्ला अफगानान निवासी व्यापारी नेता शेख मौ.शमी के पुत्र अलमान उमर ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में कक्षा 9 के प्रवेश हेतु परीक्षा दी थी। घोषित परिणाम के अनुसार अलमान ने 14वीं रैंक प्राप्त की। अलमान उमर की उपलब्धि पर परिजनों ने खुशी जताई है। अलमान ने आठवीं तक की पढ़ाई नहटौर के टीसीए कान्वेंट स्कूल से की है।



## किशोर लापता

**चांदपुर (चिंगारी)।** कल दोपहर से लापता 13वर्षीय किशोर का अता-पता नहीं लग सका। थाने में दर्ज कराई गई गुमशुदगी में ग्राम स्याऊ निवासी लालूप्रसाद राय ने बताया कि उसका 13 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार 11 जून दोपहर 12 बजे से लापता है। काफी तलाश करने पर भी उसका कहीं अता-पता नहीं लग सका। अनहोनी की आशंका से परिवार चिंतित है।

## ई-रिक्शा खाई में पलटी, आठ ज़ख्मी

**नहटौर (चिंगारी)।** बृहस्पतिवार की देर रात्रि करीब साढ़े आठ बजे कोतवाली देहात के ग्राम गनौरा निवासी सय्याद परिवार के साथ नहटौर के ग्राम नसीबपुर में आयोजित शादी में शरीक होने के लिये ई रिक्शा से गया था। घर वापस लौटते समय कोतवाली रोड पर ऑक्सफोर्ड स्कूल के पास उनकी ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, जिससे मौके पर चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने रिक्शा के नीचे से सवारियों को निकाला और मामले की जानकारी पुलिस को दी। रिक्शा चालक शहजाद 42 वर्ष, सय्याद 30 वर्ष, शिफा, रिम्शा, मिशवा 11 वर्ष, मंतशा 16 वर्ष, मुसर्रत 60 वर्ष व अरहान 8 वर्ष घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से ई रिक्शा चालक की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

## दो के साथ हुई साइबर ठगी दोनों को मोटी चपत लगी

**चांदपुर (चिंगारी)।** पुलिस प्रशासन द्वारा बार-बार सचेत किये जाने के बाद भी लोग साइबर अपराधियों के शिकार हो रहे हैं। साइबर अपराधियों ने दो लोगों के मोबाइल फोन हैक कर एक व्यक्ति के बैंक एकाउंट से 98 हजार व दूसरे व्यक्ति के दो बैंक अकाउंट से 1 लाख 92 हजार रूपए साफ कर दिये। क्षेत्र के ग्राम महबुल्लापुर ढाकी निवासी रजी हैदर पुत्र सय्यद हसन ने बताया कि उसके मोबाइल पर मोबाइल अपडेट करने के लिए मैसेज आया। जैसे ही उसने मोबाइल को अपडेट करने के लिए ओके किया। उसका मोबाइल हैक हो गया तथा उसके पीएनबी शाखा बास्टा स्थित एकाउंट से अशोक पुत्र ओमप्रकाश के नाम पर 98 हजार रूपए ट्रांसफर हो गये। वहीं दूसरी वारदात जयप्रकाश सिंह पुत्र भगवान दास निवासी मुहल्ला बनियोंवाला बास्टा के साथ हुई। जयप्रकाश सिंह के अनुसार उसके मोबाइल पर एपीके फाइल डाउनलोड हो गई तथा मोबाइल अपने आप अपडेट होने लगा तथा उसके एसबीआई व पीएनबी बैंक अकाउंट से 96-96 हजार रूपए साफ हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों वारदातों की रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## गाड़ी टकराने पर किया फायर युवक घायल, मुक़दमा दायर

**चांदपुर (चिंगारी)।** मोटरसाइकिल व गाड़ी में टक्कर हो जाने से नाराज़ गाड़ी सवार ने मोटरसाइकिल सवार से गाली-गलौच की तथा फायर किया। कंधे में गोली लगने से मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया। थाने में दी गई तहरीर में लोकेन्द्र सिंह पुत्र कृपाल सिंह निवासी ग्राम मलहुपुरा थाना मंडी धनौरा अमरोहा ने बताया कि उसका भतीजा अर्श पुत्र सोविन्द सिंह 10 जून की रात में अपने रिश्तेदार सूरज सिंह ग्राम अहरौला में सगाई में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल से अपने दो साथियों अभय सिंह व मुकुल सिंह के साथ आया था। चलते समय अर्श की मोटरसाइकिल गाड़ी से टकरा गई, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी व गाली-गलौच हो गई। आरोप है कि तभी उन लोगों ने अर्श पर फायर कर दिया। कंधे में गोली लगने से अर्श घायल हो गया। गोली चलाने वाले दो लोगों की पहचान गर्व उर्फ चाहत ग्राम तातारपुर थाना बछरायूं व प्रिंस उर्फ गोली ग्राम अम्हेड़ा थाना मंडी धनौरा के रूप में हुई।

## धीरज कुमार प्रजापति को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया

**चांदपुर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार दक्ष ने क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर मनसुख निवासी धीरज कुमार प्रजापति को संगठन का ब्लॉक जलीलपुर का अध्यक्ष मनोनीत कर कार्यकारणी का शीघ्र गठन करने तथा संगठन को मजबूत बनाने तथा प्रजापति समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मैंने व मेरी पत्नी फूलवती ने अपने पुत्र सोनू व उसकी पत्नी प्रेमलता जो हमारे साथ आएदिन गाली-गलौज व मारपीट व अभद्र व्यवहार करते हैं तथा गलत संगत में पढ़ चुके हैं। मैंने व मेरी पत्नी फूलवती ने इन्हें समझने की काफी कोशिश की परंतु यह मानने को तैयार नहीं हैं। हम इनके इस तरह के व्यवहार से तंग आकर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए इनसे अपने सारे संबंध विच्छेद करते हैं। आज के बाद से मेरा व मेरी पत्नी फूलवती का इनसे कोई मतलब वास्ता नहीं रहेगा। इनके द्वारा किये गये जो भी अच्छे-बुरे कार्य होंगे उसके यह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**- रमेश पुत्र नथ्थू, निवासी आलमपुर गांवड़ी, थाना व परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

## ख़ालिद अंसारी को हाउस अरेस्ट किया

**नूरपुर (चिंगारी)।** नीट व दूसरी परीक्षाओं के पेपर लीक मामले को लेकर शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के त्याग-पत्र को लेकर देश भर में चल रहे प्रदर्शन को मद्देनजर रखते हुए बृहस्पतिवार को पुलिस ने कस्बे के मोहल्ला शहीद नगर निवासी एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष खालिद अंसारी एडवोकेट को उनके आवास पर नजरबन्द कर दिया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सरदार गुरमुख सिंह दिवान, नगर अध्यक्ष निजामुद्दीन उर्फ मग्गू, मौलाना खलीलुर्रहमान, डॉ. रहबर, सरदार सुरजीत सिंह आदि भी उनके आवास पर पहुंचे। ख़ालिद अंसारी का कहना है देश भर में पेपर लीक करने का एक ट्रेंड चल रहा है, एक के बाद एक परीक्षा का पेपर लीक होने से छात्रों का भविष्य अधर में लटक रहा है, लेकिन सरकार की ओर से कोई भी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं है।



## ओमकुमार ने नवनिर्मित ब्लॉक भवन का लोकार्पण किया

**नहटौर (चिंगारी)।** ब्लॉक परिसर नहटौर में नवनिर्मित भवन का विधायक ओमकुमार ने फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ क्षेत्र के विकास संबंधी विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के समय में शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक एवं विकासात्मक गतिविधियों को और अधिक गति मिलेगी तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी ने भी भवन निर्माण की आवश्यकता के बारे में भी चर्चा की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, खण्ड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी अर्चना गुप्ता, शोभित कुमार, मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी, एडीओ मनोज कुमार आदि ब्लॉक के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार, वापस ले सरकार

## उद्योग व्यापार मंडल ने नियामक आयोग को भेजा ज्ञापन


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुये उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

**बिजनौर ( चिंगारी )। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश ने चेयरमैन उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग लखनऊ को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद द्वारा बिजली बिलों पर 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार जून माह से लगाये जाने का विरोध करते हुये आयोग से इसे समाप्त करने की मांग की।**

ज्ञापन में कहा गया कि ईंधन अधिभार लगाने से पूर्व नियामक आयोग से अनुमति नहीं ली गई है। बिजली के औद्योगिक एवं घरेलू बिलों में पूर्व से ही फिक्स चार्ज लगाये जा रहे हैं। जबकि वाणिज्यिक (एलएमवी 2) बिलों में फिक्स चार्ज व मिनिमम चार्ज दोनों लगाये जाते हैं। नियामक आयोग के द्वारा प्रत्येक वर्ष बिजली के उत्पादन व खर्चों की समीक्षा कर आम जनता से सुनवाई करने के बाद बिजली की दरों का पुन: निर्धारण किया जाता है। इसलिये बीच सेशन में अनावश्यक रूप से बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने का कोई औचित्य नहीं है। इससे आम जनता के साथ-साथ उत्तर प्रदेश का उद्योग व व्यापार भी प्रभावित होगा।

ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री मुनीष त्यागी, जिला कोषाध्यक्ष बीएस राजपूत, जिला संगठन मंत्री पीयूष मित्तल, अरविन्दर सिंह, राकेश रस्तौगी, चन्द्रपाल सिंह, चिराग सेठी आदि शामिल रहे।

# बहू की मौत के बाद पति, सास, ससुर, देवर व ननद पर मुकदमा दर्ज

**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव गल्लाखेड़ी में सास बहू के झगड़े में जल कर घायल हुई बहू की दिल्ली के अस्पताल में मौत हो गयी, जिसके बाद मृतका के भाई की तहरीर पर पति, ससुर, सास, देवर, ननद पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मंगलवार की रात क्षेत्र के गांव गल्लाखेड़ी निवासी मितलेश पत्नी अतरसिंह व पुत्रवधू प्रियांशी पत्नी अभिकांत का झगड़ा हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि बहू ने खुद को आग लगा ली थी और सास ने जहर खाकर अपनी जान देने की कोशिश की। आनन-फानन में सास मितलेश को स्योहारा सीएचसी भर्ती कराया गया था, जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया, जहां उपचार चल रहा है। उधर पुत्रवधू प्रियांशी को सीएचसी नूरपुर में भर्ती कराया था, जहां से बिजनौर ले जाया गया था। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे दिल्ली के लिए रैफर कर दिया। उपचार के दौरान बृहस्पतिवार को उसकी मौत हो गयी, जिसके बाद मृतका के भाई मनोज निवासी आलमपुर कैंच जनपद अमरोहा की तहरीर पर पति अभिकांत, ससुर अतर सिंह, सास मितलेश, देवर हरीश, ननद हिमानी पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## शमशाद रशीद बने सपा मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगीना के वरिष्ठ सपा नेता शमशाद रशीद माहीगीर को समाजवादी मजदूर सभा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर नामित किया गया है।



सपा मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर शमशाद रशीद को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद से नवाजा। साथ ही श्री वारसी ने शमशाद रशीद से उम्मीद की है कि वह अपनी पूरी ऊर्जा के साथ समाजवादी पार्टी को शिखर पर पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभायेंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

# थाने का निरीक्षण होगा कल, तैयारी में जुटा है पुलिस बल

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** कल शनिवार 13 जून को होने वाले वार्षिक निरीक्षण को लेकर हीमपुर दीपा थाना पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मुरादाबाद परिक्षेत्र के डीआईजी द्वारा किये जाने वाले निरीक्षण की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है । थाना परिसर से लेकर अभिलेखों तक, हर व्यवस्था को दुरूस्त करने में पुलिसकर्मी जुटे हुए हैं। डीआईजी परिक्षेत्र मुरादाबाद के निरीक्षण के मद्देनजर थाना भवन का रंग-रोगन कराया जा चुका है तथा परिसर की सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य भी लगभग पूरा हो गया है। इसके साथ ही विभिन्न शाखाओं से संबंधित अभिलेखों, रजिस्टरों और रिकॉर्ड को अद्यतन करने का पुलिसकर्मियों द्वारा कार्य तेजी से चल रहा है, ताकि निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की कमी न रह जाए। चांदपुर




क्षेत्राधिकारी देश दीपक लगातार हीमपुर दीपा थाने पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। वह थाना प्रभारी और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने में जुटे हैं। अधिकारियों द्वारा रिकॉर्ड संधारण, अपराध नियंत्रण, मालखाने में शास्त्रों का रखरखाव, जनसुनवाई व्यवस्था तथा थाना परिसर की व्यवस्थाओं का विशेष रूप से परीक्षण किया जा रहा है।

### सीओ का कहना है..

पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक का कहना है कि वार्षिक निरीक्षण पुलिस कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके माध्यम से कानून-व्यवस्था, अभिलेख प्रबंधन, मालखाने की व्यवस्था, कार्यालय संचालन एवं जनता से जुड़े कार्यों की समीक्षा की जाती है। इसी को देखते हुए हीमपुर दीपा थाना पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से काम कर रही है, ताकि निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो सके और थाना उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत कर सके।

## पार्क के पास शराब पीने वालों की खैर नहीं

**स्योहारा ( चिंगारी )।** रामलीला पार्क में शाम को घूमने के लिए लोग आते है। महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने बीती शाम गश्त की और शराब पीने वालों को चेताया कि पार्क के आसपास शराब न पीए और न ही शारब पीकर घूमे। बता दें कि रामलीला पार्क के पास ही शराब की दुकानें है, जिससे शराब पीने वाले शराब खरीदकर पार्क के पास बैठकर पीते है महिलाओं को शाम को टहलने में परेशानी होती है। रामलीला पार्क के पास खड़ी कार में बैठे लोगों को भी पुलिस ने हिदायत दी कि पार्क के पास अनावश्यक खड़े न हो। इस दौरान कस्बा इंचार्ज समयपाल सिंह, कांस्टेबल मोनू, कांस्टेबल अमजद, कांस्टेबल विनित चौधरी मौजूद रहे।

## अहमद सईद को बनाया युवा इकाई मंडल अध्यक्ष



**चांदपुर ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा मंडल अध्यक्ष ईशुराज राणा ने नगर के मुहल्ला कटारमल निवासी अहमद सईद को संगठन का युवा मंडल सचिव मनोनीत कर उनसे चौ. महेन्द्र सिंह टिकैत की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाकियू जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान युवामंडल अध्यक्ष ईशू राज राणा, जिला उपाध्यक्ष याकूब, अशोक चौधरी, इकबाल अहमद, मोहम्मद शाहरुख, बिलाल, सलमान अहमद, सभासद शाहनवाज उर्फ सोनू, नफीस, मौहम्मद अमान आदि मौजूद रहे।**

# मोटरसाइकिल लूट में शामिल पांचवां आरोपी भी गिरफ्तार

**शेरकोट ( चिंगारी )। बीते माह ग्राम हरेवली में तमंचे के बल पर हुई मोटरसाइकिल व मोबाइल लूट की घटना में वांछित चल रहे पांचवें अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।**

गौरतलब है कि गत 15 मई की रात बढ़ापुर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहनगर कुराली निवासी शिवकांत अपने साथी सौराम सिंह के साथ मोटरसाइकिल से हरेवली स्थित अस्पताल से घर वापस लौट रहे थे। इस इस बीच रास्ते में मिले कार सवार बदमाश उनसे तमंचे के बल पर मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए थे। इस मामले में पीड़ित द्वारा अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए




टीमों का गठन किया था और मुठभेड़ के दौरान निकुंज और दो बाल अपचारियों को लूटी गई मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया था। जबकि चौथे आरोपित नितिन उर्फ पेलू को 27 मई को पकड़कर जेल भेज दिया था। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में वांछित चल रहे एक अन्य अभियुक्त आकाश पुत्र रूपराम निवासी खुशहालपुर उर्फ टांडा अमीचंद, थाना बाजपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड) को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आज चालान कर उसे जेल भेज दिया। लूट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में एस आई संजय पाल सिंह, कांस्टेबल अनुज कुमार, नसीब, आदित्य चौधरी शामिल रहे।

# मिर्जापुर में गुलदार ने गाय के बछड़े को मार डाला

## पूर्व में भी कई पशुओं को बना चुका शिकार, गांव में दहशत बरकरार

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम मिर्जा नेकपुर में बीती रात गुलदार ने एक गाय के बछड़े को मार डाला। गुलदार पूर्व में भी कई पशुओं को अपना शिकार बना चुका है। जिससे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वनविभाग पर गुलदार को पकड़ने के मामले में लापरवाही का आरोप लगाते हुए रोष जताया। नजीबाबाद तहसील के ब्लॉक किरतपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम मिर्जापुर उर्फ नेकपुर में बीती रात गुलदार ने गांव निवासी मुन्नू सिंह की पशुशाला में बंधी गाय के बछड़े पर हमला कर उसे काफी दूर खींचकर ले जाकर उसका काफी मांस खा लिया। घटना को अंजाम देने के बाद गुलदार बछड़े को के शव को गांव में ही पड़ा छोड़ गया। सुबह को ग्रामीणों ने यह देखकर घटना की सूचना वनविभाग को दी। वनकर्मी सूचना के कई घंटे बाद तक मौके पर नहीं पहुंचे जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। ग्रामीणों मुन्नू सिंह, धूम सिंह ग्राम प्रधान, प्रशांत कुमार, सौरभ, जयपाल चौधरी,



महेंद्र सिंह, विजय, नीरज आदि ने बताया कि गुलदार पूर्व में एक भैंस के लवारे सहित कई अन्य पशुओं को अपना शिकार बना चुका है। जिसकी ग्रामीण वनविभाग को समय-समय पर जानकारी देते रहे। इन घटनाओं से गांव में दहशत का माहौल है। किसान डर के कारण अपने खेतों पर नहीं जा पा रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि वनविभाग ने कई दिन पूर्व गांव के जंगल में अंदर पानी में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। पिंजरा चारों ओर से बंद है तथा इसमें गुलदार को फंसाने के लिए उसके खाने को कोई मांस आदि भी नहीं लगाया गया है, ऐसे में गुलदार पिंजरे में कैसे फंसेगा यह वनविभाग वाले ही बता सकते हैं। ग्रामीणों ने वनविभाग से गुलदार को तुरंत पकड़कर ग्रामीणों को उससे निजात दिलाने की मांग की है।

# कार सवारों ने बाइक सवार युवकों पर किया जानलेवा हमला

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के रायपुर रोड स्थित भारत गैस एजेंसी के निकट पुरानी रंजिश के चलते बुलेरो गाड़ी सवार कुछ लोगों ने बाइक सवार दो युवकों पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर आंवला निवासी समीर पुत्र साजिद अपने पड़ोसी इंतजार पुत्र शहजाद के साथ बुधवार की शाम नजीबाबाद से कपड़े खरीद कर अपने गांव अकबरपुर आंवला लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक रायपुर रोड पर भारत गैस एजेंसी के निकट पहुंचे तभी पीछे से बुलोरो गाड़ी में सवार होकर आये कुछ लोगों ने उन्हें रोक दिया। उक्त लोगों ने मारपीट कर उक्त युवकों को बुरी तरह से घायल कर दिया। घटना की सूचना राहगीरों ने घायलों के परिजनों को दी। इसके बाद तत्काल परिजनों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया तथा पुलिस को सूचना दी। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी समीपुर भेजा जहां से एक युवक समीर की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बिजनौर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष की ओर से आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई, पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



# विधायक ने वन गुर्जर परिवारों को दी सोलर लाइट की सौगात



नजीबाबाद (चिंगारी)। विधायक नजीबाबाद हाजी तसलीम अहमद ने अपनी विधायक निधि से ग्राम जाफराबाद के 13 वन गुर्जर परिवारों को सोलर लाइट की सौगात दी है। विधायक ने मौके पर पहुँचकर अपने सामने ही लाइट लगवायी। इस मौके पर खुर्शीद प्रधान, जाहिद अंसारी, अनवर खान मंसूब, नितिन कश्यप, शमशेर आलम, मूसा, समी, गुलाम मोहम्मद आदि मौजूद रहे। विधायक के इस कार्य की क्षेत्र के लोगों ने सराहना की है। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने कहा है कि वह क्षेत्र का विकास करने तथा लोगों की समस्याओं का हल करने के लिए हर समय तैयार है।

# अदिति यादव पर अश्लील पोस्ट करने वालों पर रिपोर्ट की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हनी फैसल के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने एसपी अभिषेक झा से मुलाकात कर उन्हें एक तहरीर सौंपी, जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की बेटी अदिति यादव के बारे में सोशल मीडिया पर अश्लील व भ्रामक पोस्ट करने वाले दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी की मांग की गई। एसपी ने मामले की जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हनी फैसल, वरिष्ठ नेता मौ. फुरकान खान, डॉ. रमेश तोमर, अनुज मलिक, राधा सैनी, प्रभा चौधरी, महमूद कस्सार, मदन लाल सैनी, आफताब, अफसार आदि मौजूद रहे।



# राम मंदिर में 7 करोड़ चढ़ावे की चोरी के दावे पर सियासत तेज



**अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)।** राम मंदिर में आए चढ़ावे में 7 करोड़ रुपए की चोरी के दावे पर सियासत जारी है। खुद को मंदिर का पूर्व लेखा प्रभारी बताने वाले महिपाल सिंह ने कहा कि मंदिर में चोरी कोई नई बात नहीं थी, यह रोजाना होती थी। मैंने खुद चोरी पकड़ी थी। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत राम मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय और मेंबर गोपाल जी से की थी। अगले ही दिन चंपत राय ने मुझे हटा दिया। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की 8 महीने पुरानी फुटेज डिलीट करवा दी गई। चंपत राय मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं में मनमर्जी चलाते हैं। अगर कोई विरोध करता है, तो उसे हटा दिया जाता है। इस बीच, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गुरुवार को एटा में कहा- 'राम मंदिर में शिला पूजन के समय से ही चोरी हो रही है। कितने आरोप लग चुके हैं। उन्होंने कहा- जब मंदिर बनने लगा तो प्लॉट बिकने लगे। दो-दो मिनट में प्लॉट करोड़ के हो जाते थे। वहां पहले से ही चंपत राय बैठे हैं। चंपत का मतलब ही होता है लेकर भाग जाना। राम मंदिर आंदोलन से जुड़े भाजपा नेता और बजरंग दल संस्थापक विनय कटियार भी लखनऊ से अयोध्या पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिस तरह के आरोप हैं, उनकी सच्चाई सामने आनी चाहिए। जांच जरूरी है। मला करोड़ों लोगों की श्रद्धा और विश्वास से जुड़ा हो, तब पारदर्शिता महत्वपूर्ण होती है। जांच होगी तो वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। सपा सरकार में मंत्री रह चुके पवन पांडेय ने रविवार 7 जून को दावा किया था कि राम मंदिर से 5 से साढ़े 7 करोड़ रुपए तक की चोरी की गई है। अखिलेश ने भी कहा था कि मामले पर सरकार की चुप्पी संदिग्ध है। कोर्ट को मामला देखना चाहिए। चंपत राय ने सफाई दी थी कि अभी तक ऐसी कोई भी बात सामने नहीं आई है।

# यूपी में बिजली की रिकॉर्ड डिमांड 31,894 मेगावाट पार

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में बिजली की मांग लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से उत्तर प्रदेश देश में इतिहास की सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति कर रहा है और यह आंकड़ा अन्य राज्यों की तुलना में भी सबसे अधिक है। ऊर्जा मंत्री के अनुसार, गत 8/9 जून की रात को प्रदेश में बिजली की पीक डिमांड 31,678 मेगावाट दर्ज की गई थी। लेकिन 10 जून की रात यह आंकड़ा पार करते हुए 31,894 मेगावाट तक पहुंच गया। यह अब तक की सर्वाधिक पीक डिमांड है। भीषण गर्मी और बढ़ते उपभोग के बीच यह आंकड़ा प्रदेश की बढ़ती बिजली जरूरत को दर्शाता है। मंत्री ने बताया कि हाल के वर्षों में सरकार ने विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ विद्युत अवसंरचना को भी मजबूत किया है। नए पावर प्लांट, ट्रांसमिशन लाइन और सबस्टेशन की क्षमता बढ़ाकर मांग को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा है कि इसके बावजूद गर्मी की तीव्रता, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि जैसे प्राकृतिक कारणों से कई जगहों पर बिजली आपूर्ति में अस्थायी चुनौतियां आ जाती हैं। अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक कारणों से होने वाली बाधाओं को पार करके विभाग निरंतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति देने में लगा हुआ है। उन्होंने फील्ड कर्मचारियों को त्वरित मरम्मत और लाइन बहाली के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को न्यूनतम असुविधा हो। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि बढ़ती मांग के इस दौर में उनका संयम और सहयोग जरूरी है।

# अनिष्ट का भय दिखाकर 65 तोला सोना ठगने वाला 'बाबा' गिरफ्तार

## 15 तोला सोना और 5 लाख नकद बरामद



**देहरादून (चिंगारी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून की सख्ती और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से तंत्र-मंत्र और अंधविश्वास का सहारा लेकर लोगों को ठगने वाला एक कथित बाबा सलाखों के पीछे पहुंच गया है। थाना सेलाकुई पुलिस ने अनिष्ट होने का भय दिखाकर पूजा-पाठ और अनुष्ठान के नाम पर लाखों रुपये के आभूषण ठगने वाले आरोपी राहुल थापा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 15 तोला सोना और पांच लाख रुपये की नकदी बरामद की है।

मामला तब सामने आया जब सेलाकुई निवासी ओशीन गुरुंग ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी राहुल थापा ने तंत्र-मंत्र और अनिष्ट का डर दिखाकर उनके घर पर विशेष पूजा कराने का झांसा दिया और धोखाधड़ी से करीब 65 तोला सोना गायब कर दिया। जांच में आरोप सही पाए जाने पर थाना सेलाकुई में मुकदमा दर्ज कर विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह वर्ष 2013 से पंडिताई का कार्य कर रहा है और अधिक धन कमाने के लालच में उसने लोगों को अंधविश्वास के जाल में फंसाने की योजना बनाई थी। वह रात के समय अपने शिष्यों के घरों के बाहर जादू-टोने से जुड़ी सामग्री की पोटली फेंक देता था और अगले दिन फोन कर उन्हें अनिष्ट होने का भय दिखाता था। इसके बाद पूजा-अनुष्ठान के नाम पर मोटी रकम वसूलता था।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने ओशीन गुरुंग के घर के बाहर भी ऐसी ही पोटली फेंकी और बाद में पूजा के दौरान महिला और उनकी मां के सभी आभूषण एक संदूक में रखवाकर मौका पाकर निकाल लिए। बाद में उसने संदूक को 62 दिन तक न खोलने की सलाह देकर आभूषण अपने कब्जे में कर लिए। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर ठगे गए आभूषणों को गलाकर बनाए गए 150 ग्राम सोने के बिस्कुटनुमा बार तथा पांच लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि घटना से जुड़े अन्य आभूषणों की बरामदगी के लिए आरोपी का पुलिस कस्टडी रिमांड लिया जाएगा। साथ ही उसके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड, संभावित सहयोगियों और अन्य पीड़ितों के संबंध में भी जांच की जा रही है।

### लोगों से अपील

**देहरादून पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे तंत्र-मंत्र, अंधविश्वास और अनिष्ट के भय के नाम पर किसी के बहकावे में न आएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना दें।**

# हरिद्वार कुंभ-2027 की तैयारियों को बड़ी सौगात

## स्वच्छता और जनस्वास्थ्य प्रबंधन के लिए 115.61 करोड़ मंजूर



**देहरादून (चिंगारी)।** हरिद्वार में वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले कुंभ मेले की तैयारियों को बड़ी मजबूती देते हुए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) की कार्यकारी समिति की 70वीं बैठक में 'एकीकृत स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट तथा जनस्वास्थ्य प्रबंधन योजना' के लिए 115.61 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह परियोजना पूरी तरह केंद्रीय क्षेत्र के अंतर्गत संचालित होगी।

परियोजना का मुख्य उद्देश्य कुंभ मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना है। स्वीकृत योजना के तहत मेले में 13,915 शौचालय, 8,065 यूरिनल और 2,000 स्नानगृह स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 4,840 कूड़ादान, 31.38 लाख लाइनर बैग, 491 अपशिष्ट संग्रहण वाहन, 2 ट्रैश बूम, 15 घाट सफाई मशीनें, 190 स्प्रेइंग मशीन एवं ट्रैक्टर, 55 फॉगिंग मशीनें तथा 30 घास काटने की मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी।

योजना में ट्रांसफर स्टेशन सुविधाओं, गैस आधारित शवदाह गृह और फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना का भी प्रावधान किया गया है। साथ ही निगरानी एवं प्रबंधन को आधुनिक बनाने के लिए क्लाउड आधारित डैशबोर्ड विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे हरिद्वार कुंभ-2027 में स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और जनस्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री का आभार भी व्यक्त किया।

# दून और मसूरी में मौसम ने ली करवट

## बारिश की फुहारों से सुहावना हुआ मौसम

**देहरादून (चिंगारी)।** उत्तराखंड में मौसम ने करवट बदल ली है। प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। आज प्रदेश के कई हिस्सों में झमाझम बारिश देखने को मिली है। पहाड़ों की रानी मसूरी में गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह से ही आसमान पर काले बादलों का डेरा रहा और बीच-बीच में हुई हल्की बारिश ने मौसम को बेहद सुहावना बना दिया। ठंडी हवाओं और फुहारों के बीच मसूरी का मौसम एक बार फिर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। ठंडा और खुशनुमा मौसम पर्यटकों को राहत दे रहा है। मौसम में आए बदलाव के बाद मॉल रोड, गन हिल, कंपनी गार्डन, कैम्पटी फॉल और अन्य पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। सुबह से छाए बादलों और हल्की बारिश के बीच पर्यटक छतरियों और रेनकोट के साथ मसूरी की वादियों का आनंद लेते नजर आए। कई पर्यटक माल रोड पर टहलते हुए मौसम का लुत्फ उठाते दिखे, जबकि युवा और बच्चे बारिश की फुहारों के बीच सेल्फी और फोटोग्राफी करते नजर आए।

### मौसम पर्यटकों के लिए बना आकर्षण का केंद्र

पर्यटकों का कहना है कि मैदानी इलाकों की तपती गर्मी से राहत पाने के लिए मसूरी से बेहतर जगह नहीं हो सकती। ठंडी हवाओं और बादलों से घिरी पहाड़ियों ने उनकी यात्रा को और यादगार बना दिया है। गर्मी की छुट्टियों और सप्ताहांत को देखते हुए मसूरी में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। होटल, गेस्ट हाउस और होमस्टे संचालकों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से पर्यटकों की आमद में इजाफा हुआ है और मौसम सुहावना रहने पर आगामी दिनों में भीड़ और बढ़ने की संभावना है। मसूरी उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों के सबसे नजदीकी और लोकप्रिय हिल स्टेशनों में से एक है। यही कारण है कि दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं।

### अगले तीन दिनों तक बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक मसूरी और आसपास के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। संभावित बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। संबंधित विभागों को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों और संवेदनशील मार्गों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# उत्तराखंड की 100 सांस्कृतिक विभूतियों का होगा सम्मान

## 'उफतारा' करेगा फिल्म फेस्टिवल का आयोजन



**देहरादून (चिंगारी)।** 'उफतारा' यानी उत्तराखंड फिल्म टेलीविजन और रेडियो संगठन पिछले 40 वर्षों से फिल्मों के जरिए उत्तराखंड की लोक संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित करने वाली विभूतियों को सम्मानित करने जा रहा है। आगामी 27 और 28 जून को देहरादून में होने जा रहे फिल्म फेस्टिवल में विश्व भर से चुने गए फिल्म निर्माताओं और वरिष्ठ कलाकारों सहित कुल 100 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

उफतारा के अध्यक्ष प्रदीप भंडारी का कहना है कि दो दिवसीय उफतारा सम्मान एवं फिल्म फेस्टिवल में उत्तराखंड फिल्मों की 40 साल की यात्रा को एक डॉक्यूमेंट्री के जरिए दर्शाया जाएगा और फिल्मों की दशा दिशा पर सीधे दशकों से परिचर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य की भव्य लोक संस्कृति एवं लोक गायिकी का संगम भी यहां देखने को मिलेगा।

प्रदीप भंडारी ने सरकार पर फिल्म उद्योग की अनदेखी का भी आरोप लगाया है। उन्होंने सरकार की उत्तराखंड फिल्म नीति 2024 की सराहना तो की लेकिन साथ ही कहा कि फिल्म बोर्ड में उत्तराखंडी फिल्मकारों के प्रतिनिधियों को नामित न करने सेफ फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों में मायूसी है। उनका कहना है कि प्रदेश में फिल्म पुरस्कारों का भी आयोजन नहीं कराया जाता है, सरकार ने फिल्म पुरस्कारों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है, यह फिल्म उद्योग में नवाचारों का गला घोटने समान है।

उफतारा के सदस्यों का कहना है कि सरकार ने ना तो राज्य में फिल्म शूटिंग स्टूडियो बनाए हैं और ना ही पहाड़ों में सिनेमा हॉल खोले हैं, जिस कारण स्थानीय फिल्मों को उचित मंच नहीं मिल पाता है।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# राज्यसभा की 21 सीटों पर निर्विरोध चुनाव में भाजपा के 12, कांग्रेस के चार उम्मीदवार निर्वाचित

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** देश के 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों के लिए हो रहे द्विवार्षिक चुनाव में 21 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये हैं। इसके अलावा तीन राज्यों की तीन राज्यसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। झारखंड की दो तथा मिजोरम की एक सीट पर 18 जून को मतदान होगा। झारखंड की दो सीटों के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें झामुमो के बैद्यनाथ राम, कांग्रेस के प्रणव झा तथा भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी शामिल हैं। वहीं मिजोरम की एक सीट के लिए एमएनएफ के निवर्तमान सदस्य के.वनलालवेना और जेडपीएम समर्थित लालस्मिंगलियाना चुनाव मैदान में हैं। राज्यसभा की जिन 21 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं, उनके लिए नाम वापस लेने की अंतिम तिथि गुरुवार थी। आठ राज्यों की 21 सीटों के लिए 21 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए और उनके विरुद्ध कोई अन्य प्रत्याशी मैदान में नहीं होने के कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। मध्य प्रदेश में तीन सीटों के लिए चार उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने के बाद तीन सीटों के लिए केवल तीन उम्मीदवार ही शेष बचे। इसके मद्देनजर तीनों को निर्वाचित घोषित कर दिया गया। सुश्री नटराजन ने नामांकन पत्र रद्द किए जाने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है, जिस पर आज सुनवाई होगी।

## ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ हमले और बमबारी की योजना को किया रद्द

**वाशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ हमले और बमबारी की योजना को रद्द कर दिया है। श्री ट्रम्प ने गुरुवार को रात सोशल मीडिया लिखा, इस बात को ध्यान में रखते हुए कि ईरान के साथ बातचीत वहां के नेतृत्व के सबसे ऊंचे स्तर तक पहुंच गयी है और उसे मंजूरी मिल गयी है, मैंने अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर ईरान के खिलाफ निर्धारित हमले और बमबारी रद्द कर दी है। बातचीत और अंतिम बिंदुओं को मोटे तौर पर तथा विस्तार से इसमें शामिल सभी पक्षों ने मंजूरी दे दी है, जिनमें अमेरिका, इज़रायल, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरा, कतर, तुर्की, पाकिस्तान, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन, मिस्र और अन्य देश शामिल हैं। जब तक यह समझौता पूरा नहीं हो जाता, तब तक नौसैनिक नाकेबंदी पूरी तरह लागू रहेगी।

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)
LIBRARIAN
KINDERGARTEN
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199







